आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594

!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!

वर्ष-11 । अंक 88 । मूल्य - 2 रुपए । पृष्ठ-08 । नगर संस्करण

इंदौर, रायपुर व भोपाल से एक साथ प्रकाशित

# दैनिक आदित्य भारत

सदैव सत्य के साथ...

इंदौर, बुधवार, 02 अप्रैल, 2025

### झारखंड : साहिबगंज में 2 मालगाड़ियों की भिड़ंत

# टक्कर के बाद लगी आग, दोनों लोको पायलट की मौत

**एजेंसी ● रांची**

**भिड़ंत**

झारखंड के साहिबगंज जिले के बरहेट में मंगलवार तड़के करीब 4 बजे दो मालगाड़ियों के बीच जबरदस्त टक्कर हुई है। हादसे में दोनों ट्रेन के लोको पायलट की मौत हो गई, जबकि चार अन्य कर्मी घायल हो गए।

हादसे के बाद दोनों मालगाड़ियों में भीषण आग लग गई। यह हादसा बरहेट में एनटीपीसी फाटक के पास हुआ। बताया गया कि एक मालगाड़ी पहले से फाटक के पास खड़ी थी। दूसरी तरफ से आ रही मालगाड़ी ने इसमें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मालगाड़ी के इंजन और कोयला लदी बोगी में आग भभक उठी। रेल प्रशासन और पुलिस के अफसर हादसे की जानकारी मिलते ही बचाव दल के साथ मौके पर पहुंचे।

बताया जा रहा है, टक्कर मारने वाली मालगाड़ी के इंजन वाली बोगी में सात लोग सवार थे। इनमें से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायलों को निकालकर बरहेट स्थित राजकीय हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। इनमें से दो लोगों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घायलों में एक लोको पायलट जितेंद्र कुमार ने बताया कि पटरी पर खड़ी मालगाड़ी के बारे में अनुमान नहीं होने के कारण टक्कर हुई। फिलहाल रेलवे या एनटीपीसी की ओर से हादसे के बारे में आधिकारिक तौर पर कोई सूचना या जानकारी साझा नहीं की गई है।



### इस लाइन पर पहले भी हो चुके कई हादसे

इस रेल लाइन से गोड्डा जिले में स्थित ललमटिया कोयला परियोजना से एनटीपीसी फरक्का को कोयले की आपूर्ति की जाती है। इस लाइन पर केवल मालगाड़ियों का ही परिचालन होता है। इस लाइन पर पहले भी कई हादसे हुए हैं। अक्टूबर 2024 में आपराधिक तत्वों ने एनटीपीसी की फरक्का-ललमटिया रेलवे ट्रैक को विस्फोट कर उड़ा दिया था, जिससे एक मालगाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी।

## शॉर्ट न्यूज

### चारधाम यात्रा मार्ग पर वायरस क्वारंटीन होंगे घोड़े-खच्चर

देहरादून। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में स्थित केदारनाथ धाम के कपाट खुलने से पहले घोड़े और खच्चरों में एक्वाईन इन्फ्लुएंजा वायरस मिला है। यात्रा रूट पर 12 अश्ववंशीय पशुओं में वायरस मिलने के बाद धामी सरकार अलर्ट मोड पर आ गई है। पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने मंगलवार को सचिवालय में बैठक आयोजित कर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया है कि चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले और यात्रा के दौरान घोड़े-खच्चरों की वायरस को लेकर ठीक ढंग से स्क्रीनिंग पर फोकस करने को कहा गया है।

### रणवीर और चंचलानी को अभी नहीं मिलेगा पासपोर्ट

नई दिल्ली । विवादास्पद शो 'इंडिया गॉट लेटेंट' में आपत्तिजनक टिप्पणियों के चलते एफआईआर और जांच के रडार में आए यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया और साथी आरोपी आशीष चंचलानी की पासपोर्ट रिलीज करने की अर्जी पर सुप्रीम कोर्ट ने फौरन कोई राहत देने से मना कर दिया है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि जांच पूरी होने के बाद ही इस अर्जी पर विचार होगा। पीठ ने अगली सुनवाई 21 अप्रैल को तय की है।

### दो सौ करोड़ के खनन घोटाले से खरीदी संपत्ति जब्त

भुवनेश्वर। आयकर विभाग ने ओडिशा में अवैध खनन से अर्जित 200 करोड़ रुपये की काली कमाई से खरीदी गई संपत्तियों को जब्त कर लिया है। भुवनेश्वर में 10 हाई-वैल्यू अपार्टमेंट और कटक जिले के अथागढ़ में 11.2 एकड़ जमीन को अस्थायी रूप से अटैचमेंट किया गया है। ये संपत्तियां दिल्ली में रहने वाले ओडिशा के कारोबारी तपस रंजन पांडा के बेनामी खातों के जरिए खरीदी गई थीं।

### कर्नाटक में डीजल 2 रुपए महंगा करेगी सरकार

बेंगलुरू । कर्नाटक सरकार ने लोगों को एक और झटका देते हुए डीजल पर बिक्री कर को बढ़ा दिया है. सरकार ने डीजल पर कर्नाटक बिक्री कर (KST) की दर 18.44% से संशोधित कर 21.17% कर दी है, जिससे राज्य में डीजल की नई कीमत 91.02 रुपये प्रति लीटर हो गई है. ये नियम एक अप्रैल, 2025 से प्रभावी हो गया है. बीते दिनों सरकार ने राज्य में संपत्ति कर, बिजली शुल्क और दूध की कीमतों में बढ़ोतरी की थी. इससे कर्नाटक के लोगों पर अतिरिक्त बोझ बढ़ गया है।

### आज 12 बजे लोकसभा में पेश होगा वक्फ संशोधन बिल, टीडीपी-जेडीयू करेगी समर्थन

# आठ घंटे चर्चा के बाद पारित कराने की तैयारी में सरकार

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

**समर्थन**

देश भर में भारी विरोध के बावजूद वक्फ संशोधन बिल दो अप्रैल को दोपहर 12 बजे लोकसभा में पेश किया जाएगा। बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक में इस पर मुहर लग गई है। बैठक में विपक्ष ने इस बिल पर 12 घंटे चर्चा की मांग की। हालांकि, सरकार ने चर्चा के लिए आठ घंटे का समय तय किया। इसके बाद विपक्ष बैठक से बहिर्गमन कर गया। सत्ताधारी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की अगुवाई कर रही बीजेपी ने अपने सांसदों को व्हिप जारी कर सदन में मौजूदगी सुनिश्चित करने के लिए कहा है। टीडीपी और जदयू ने भी बिल का समर्थन करने की घोषणा कर दी है।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि आठ घंटे चर्चा का समय तय किया गया है। हालांकि सदन की सहमति लेकर इस समय को बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अब अगर कोई वॉकआउट करके बहाना करना चाहता है, चर्चा से भागना चाहता है तो उसको हम रोक नहीं सकते। उन्होंने कहा कि चर्चा तो करें। हर दल को अपना पक्ष रखने, अपनी बात रखने का मौका मिलेगा। संसदीय कार्य मंत्री ने ये भी कहा कि संसद का ये सत्र 4 अप्रैल तक है। लोकसभा के बाद राज्यसभा से भी इस बिल को पारित कराना होगा। राज्यसभा में भी तो समय देना पड़ेगा। अगर दो दिन लोकसभा में ही चर्चा होगी तो राज्यसभा के लिए समय बचेगा क्या। उन्होंने कहा कल ही चर्चा होगी, जवाब आएगा और लोकसभा से इसे पारित कराना है। बिल पर बोलने के लिए कुछ नहीं है तो बहाना मत बनाइए। खुलकर बोलिए। बहुत से मुस्लिम भी इस बिल के समर्थन में हैं। इस बिल को लेकर भ्रम फैलाया जा रहा है।




### टीडीपी के तीनों सुझाव मंजूर

वक्फ (संशोधन) विधेयक में तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) द्वारा सुझाए गए तीनों संशोधनों को स्वीकार कर लिया गया है। इसके साथ ही टीडीपी ने विधेयक को पूरा समर्थन देने का निर्णय लिया है। लोकसभा में पार्टी बिल के समर्थन में मतदान करेगी। टीडीपी ने प्रस्ताव रखा था कि 'जो भी वक्फ बाय यूजर संपत्तियां वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के लागू होने से पहले पंजीकृत हो चुकी हैं, वे वक्फ संपत्तियां बनी रहेंगी, जब तक कि संपत्ति विवादित या सरकारी न हो।' दूसरा प्रस्ताव था कि जांच के लिए कलेक्टर अंतिम प्राधिकारी नहीं होगा। तीसरा प्रस्ताव था कि यदि ट्रिब्यूनल को देरी का उचित कारण संतोषजनक लगता है, तो वक्फ को डिजिटल दस्तावेज जमा करने के लिए अतिरिक्त 6 महीने का समय मिल सकेगा।

### जेडीयू करेगी बिल का समर्थन

नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू के प्रस्तावों को भी स्वीकार कर लिया गया है। लिहाजाअब जेडीयू ने संसद में वक्फ बिल पर समर्थन देने का फैसला लिया है। लोकसभा में जेडीयू के मुख्य सचेतक सुनील कुमार ने व्हिप जारी कर पार्टी के सभी सांसदों को 2 से 4 अप्रैल तक सदन में उपस्थित रहने के साथ ही सदन के अंदर सरकार का समर्थन करने को भी कहा गया है।

### एनडीए के सभी घटकों को व्हिप

लोकसभा में एनडीए के सभी घटक दलों के चीफ व्हिप से 2 अप्रैल को अपने सभी सांसदों की सदन में मौजूदगी सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने ये भी कहा है कि जिन सांसदों को वक्फ बिल पर चर्चा के दौरान बोलने का मौका मिलेगा, वे बिल के मुख्य बिंदुओं पर बात करें और बोलते समय संयम बरतें। उत्तेजित न हों। केरल कैथोलिक बिशप्स काउंसिल (केसीबीसी) के बाद अब भारतीय कैथोलिक बिशप्स सम्मेलन (सीबीसीआई) ने भी वक्फ संशोधन विधेयक को समर्थन दिया है।

### भारत अद्भुत देश, जरूर जाऊंगी : सुनीता विलियम्स

वॉशिंगटन। भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अंतरिक्ष से भारत को देखने के अपने अनुभवों को साझा किया। जब विलियम्स से पूछा गया कि ऊपर से भारत कैसा दिखता है, तो उन्होंने उत्तर दिया, "अद्भुत, बिल्कुल अद्भुत। विलियम्स हिमालय के लुभावने दृश्यों से विशेष रूप से मोहित हो गईं। उन्होंने बताया कि कैसे, हर बार जब आईएसएस पर्वत श्रृंखला के ऊपर से गुजरता था, तो उनके अंतरिक्ष यात्री बुच विल्मोर आश्चर्यजनक तस्वीरें खींचते थे। रात के दौरान भारत की रोशनी में यह अनूठा दृष्टिकोण वास्तव में अविश्वसनीय था। 59 वर्षीय विलियम्स ने नासा के आगामी एक्सिओम मिशन के बारे में भी अपना उत्साह व्यक्त किया।

### सोना 94,000 रुपए के पार, दो माह में सर्वाधिक बढ़त

नई दिल्ली। स्टॉकिस्ट और ज्वैलर्स की खरीदारी के चलते सोने के दाम में भारी उछाल आया। मंगलवार को दिल्ली के सराफा बाजार में सोना 2,000 रुपये बढ़कर 94,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। यह सोने में दो महीने में किसी एक दिन की सबसे बड़ी बढ़त है। हालांकि, सोने के उलट चांदी 500 रुपये टूटकर 1,02,500 रुपये प्रति किलो पर आ गई। शेयर बाजार में गिरावट के कारण निवेशकों ने सोने में निवेश करना बेहतर समझा। विदेशी बाजारों में भी सोने में तेजी रही। अब अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों पर सबकी नजर है। इससे फेडरल रिजर्व की ब्याज दर में कटौती के बारे में पता चल सकता है। दिल्ली के सराफा बाजार में सोने की चमक और बढ़ गई।

# मथुरा-काशी पर कार्यकर्ता चाहें तो करें आंदोलन

### संघ नहीं रोक रहा : होसबोले

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

**आंदोलन**

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने कहा है कि मथुरा और काशी को लेकर संघ का कोई प्लान नहीं है। लेकिन अगर कार्यकर्ता चाहें तो वे आंदोलन कर सकते हैं। ऐसे कार्यकर्ताओं को संगठन नहीं रोकेगा। होसबोले ने स्पष्ट किया है कि अगर संगठन के सदस्य मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि और काशी विश्वनाथ-ज्ञानवापी विवाद से संबंधित प्रयासों में भाग लेते हैं तो संगठन को कोई आपत्ति नहीं होगी। हालांकि उन्होंने सभी मस्जिदों को निशाना बनाकर बड़े पैमाने पर किए जाने वाले प्रयासों के खिलाफ चेतावनी दी और सामाजिक कलह से बचने की आवश्यकता पर बल दिया।

एक कन्नड़ पत्रिका से बातचीत के दौरान उनसे पूछा गया कि संघ के काम से प्रेरित होकर बहुत से लोग मस्जिदों और खंडहरों के नीचे मंदिर खोज रहे हैं, और इन मामलों को उसी तरह सुलझाने की कोशिश कर रहे हैं जिस तरह राम जन्मभूमि मामले को सुलझाया गया था। क्या संघ ऐसे प्रयासों का समर्थन करता है? क्या वह तटस्थ रहेगा? या उनका विरोध करेगा? इसके जवाब में उन्होंने कहा, "इसे पिछले 50 वर्षों के संदर्भ में देखा जाना चाहिए। राम जन्मभूमि आंदोलन संघ द्वारा शुरू नहीं किया गया था। कई साधु-संतों और मठाधीशों ने बैठक की, चर्चा की और राम जन्मभूमि को पुनः प्राप्त करने का निर्णय लिया। उन्होंने संघ से समर्थन मांगा और हम इस बात पर सहमत हुए कि सांस्कृतिक दृष्टिकोण से, राम जन्मभूमि को पुनः प्राप्त करना और मंदिर बनाना आवश्यक था।



### होसबोले के बयान पर प्रतिक्रिया

होसबोले के बयान पर कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने कहा है कि ये तो राम मंदिर के बाद 400 सीट लाने वाले थे। आए मात्र 240, यही होगा जब ये बार-बार मंदिर मस्जिद करेंगे। वहीं नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि जब मथुरा और काशी विवादित है तो कोर्ट का ऑर्डर आने दीजिए। बीजेपी सांसद रविशकिशन ने कहा कि ये तो अच्छी बात है अगर संघ मथुरा और काशी में अपने लोगों को भेजने की सोच रहा है। संघ हमेशा सनातन के लिए सोचता है, आगे भी ऐसा ही होता रहेगा। अगर संघ और मुसलमानों की बात होगी तो अच्छा होगा।

### गुजरात के बनासकांठा में भीषण हादसा

# पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट म.प्र. के 21 लोगों की मौत

**एजेंसी ● बनासकांठा**

**आग**

गुजरात के बनासकांठा जिले के डीसा में एक पटाखा फैक्ट्री में भयानक आग लगने से 21 मजदूरों की मौत हो गई और पांच गंभीर रूप से घायल हैं। हादसा फैक्ट्री में बॉयलर फटने के कारण हुआ, जिससे भीषण ब्लास्ट हुआ और पूरी फैक्ट्री में आग फैल गई। विस्फोट इतना भीषण था कि कई मजदूरों के अंग 50 मीटर दूर तक बिखर गए। फैक्ट्री के पीछे खेत में भी कुछ मानव अंग मिले हैं। फायर ब्रिगेड को आग पर काबू पाने में 5 से 6 घंटे लगे। इस घटना पर एसपी अक्षयराज मकवाना ने बताया कि अब तक मलबे से 21 शव बरामद किए जा चुके हैं। ब्लास्ट के कारण फैक्ट्री का स्लैब गिर गया और मजदूर उसके नीचे दब गए। मरने वाले सभी मजदूर मध्य प्रदेश के हरदा और देवास के रहने वाले थे। ये लोग दो दिन पहले ही वहां पहुंचे थे। जानकारी के अनुसार विस्फोट के समय वहां 25 से अधिक मजदूर मौजूद थे।



पुलिस ने फैक्ट्री मालिक खूबचंद सिंधी के खिलाफ बीएनएस की धारा 304 के तहत शिकायत दर्ज की है और आरोपी की गिरफ्तारी की प्रक्रिया जारी है। बताया जा रहा है कि फैक्ट्री में पटाखे बनाने का काम भी चल रहा था, जबकि इसके पास केवल पटाखे बेचने का लाइसेंस था।

**गुजरात व एमपी के सीएम ने जताया दुख** - गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने घटना पर गहरा दुख जताया। उन्होंने कहा कि यह हादसा बेहद दर्दनाक है और इस मुश्किल समय में सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। उन्होंने प्रशासन को राहत और बचाव कार्य तेजी से करने के निर्देश दिए। श्रमिकों की दर्दनाक मौत पर मध्य प्रदेश के सीएम डॉ. मोहन यादव ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

### आर्थिक सहायता का ऐलान

राज्य सरकार ने मृतकों के परिवारों को 4 लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की और हरसंभव मदद का भरोसा दिया। पीएम नरेंद्र मोदी ने हादसे पर संवेदना व्यक्त करते हुए मौतकों के परिजन को 2-2 लाख रुपए की मदद का ऐलान किया है।

## चंद्रभागा से कलाई कुई मस्जिद तक चला निगम का बुलडोजर...



चंद्रभागा ब्रिज से कलाई कुई मस्जिद तक आज नगर निगम ने रिमुव्हल की कार्रवाई की। यहां सीमेंट कॉन्क्रीट की रोड बनाने के लिए दोनों ओर के बाधक मकानों को तोड़ गया।

### चंद्रभागा से कलालकुई मस्जिद के बीच बड़ी कार्रवाई

# 5 पोकलेन और 4 जेसीबी लेकर 35 मकान-दुकानों के हिस्से तोड़े

**संवाददाता ● इंदौर**

**कार्रवाई**

मास्टर प्लान की सड़कों के लिए केंद्र की योजना से 200 करोड़ रुपये की राशि मिली है। इसके चलते अब शहर में सड़कों का काम शुरू हो गया है। फिलहाल पूर्व में अधूरी सड़कों को चौड़ा करने के लिए बाधक निर्माण हटाए जा रहे हैं। मंगलवार को चंद्रभागा से कलालकुई मस्जिद के बीच बड़ी कार्रवाई की गई। सड़क की चौड़ाई में बाधक 35 से ज्यादा निर्माण तोड़े गए थे। भवन मालिकों को नगर निगम ने एक माह पहले नोटिस जारी कर दिया था, लेकिन स्वेच्छा से निर्माण नहीं टूटे तो नगर निगम ने उन्हें तोड़ा। सुबह पांच पोकलेन और चार जेसीबी के साथ 100 से ज्यादा श्रमिक मौके पर पहुंचे। अफसरों ने मकानों में रखे सामानों को हटाने के लिए कहा। इस काम में नगर निगम के अमले ने भी मदद की। रहवासी विरोध न करें, इसके लिए मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद था। दो घंटे में निर्माणों को जमींदोज कर दिया गया।

**निशान पर आपत्ति के बाद दोबारा मार्किंग-** लता अग्रवाल ने बताया कि कुछ लोगों ने पहले तोड़ने का बोलकर तोड़ा नहीं था। वहीं कुछ लोगों को निशान को लेकर आपत्ति थी। इस पर दोबारा उनके सामने ही निशान लगाए गए। इसके बाद वे भी संतुष्ट हो गए थे। कार्रवाई के दौरान यहां पर दो थाने को पुलिस बल लगाया गया था। इस बात का भी ध्यान रखा गया है कि निगम की टीम उतना ही हिस्सा तोड़े, जितना जरूरी है। गलती से भी ज्यादा हिस्सा न टूटे, इस बात का खास तौर पर ध्यान रखा गया।

**18 मीटर चौड़ी सड़क बनेगी**

चंद्रभागा से मस्जिद तक 18 मीटर चौड़ी सड़क बनना है। यह मध्य क्षेत्र की सड़क है। यहां ट्रैफिक का दबाव काफी अधिक रहता है। नगर निगम गंगवाल बस स्टैंड से सरवटे बस स्टैंड तक भी सड़क चौड़ी कर रहा है। यह सड़क उस मार्ग की फीडर रोड है। 18 मीटर चौड़ाई की सड़क बनने के बाद ट्रैफिक जाम की स्थिति नहीं रहेगी। निगमायुक्त शिवम वर्मा ने कहा कि अब जल्दी ही सड़क निर्माण शुरु हो जाएगा। कुछ बाधाएं और शेष हैं। उन्हें भी हटाया जाएगा। मंगलवार सुबह नगर निगम की टीम 5 पोकलेन मशीन, 4 जेसीबी और बड़ी संख्या में निगम कर्मियों व पुलिस बल के साथ कार्रवाई के लिए पहुंची। निगम की टीम ने यहां कार्रवाई शुरु की जो काफी देर तक चली। प्रभारी अपर आयुक्त लता अग्रवाल ने बताया कि यहां 35 ऐसे मकान हैं, जिनके दो फीट से लेकर आठ फीट तक के हिस्से तोड़े जा रहे हैं। निशान पहले ही लगा दिए गए थे। डेढ़ महीने पहले नोटिस जारी किए गए थे और तीन दिन पहले मुनादी भी कराई गई थी।

# मां विंध्यवासिनी मंदिर पर मन्नत मांगने वाले भक्तों जुटा रहा मेला

**संवाददाता ● इंदौर**

**आस्था**

देवास नाका, निरंजनपुर रोड स्कीम 114 स्थित शहर के एकमात्र मां विंध्यवासिनी मंदिर पर चैत्र नवरात्र के उपलक्ष्य में प्रतिदिन चार समय आरती एवं तीन समय मातारानी के अनुपम श्रृंगार के दर्शनार्थ भक्तों का मेला जुट रहा है। मंदिर पर नवरात्र में भी मन्नत मांगने वाले एवं दर्शन करने वाले भक्तों की कतारें लग रही हैं। संतान, रोजगार, कारोबार, पारिवारिक तनाव दूर करने तथा अन्य सभी तरह की समस्याओं का समाधान प्राप्त करने के लिए भक्तों का आगमन हो रहा है।



इस मंदिर की स्थापना आठ वर्ष पूर्व सन 2017 में प्रज्ञाचक्षु जगदगुरू स्वामी रामभद्राचार्य के सानिध्य में सात दिवसीय ज्ञान यज्ञ के दिव्य आयोजन के साथ हुई है। मंदिर के संस्थापक एवं अधिष्ठाता पं. पं. शिवनारायण पाठक ने बताया कि मातारानी का मुख्य स्थान एवं शक्तिपीठ मिर्जापुर में विंध्यवासिनी धाम पर है। वर्ष 2017 में मातारानी की प्रेरणा से स्थानीय भक्तों के लिए इस मंदिर का निर्माण कार्य संपन्न हुआ। यहां आने वाले भक्त विशेषकर नवरात्र में अपनी मन्नत मांगने हेतु नाड़ा, मौली या कलावा की एक गांठ लगाकर मातारानी से प्रार्थना करते हैं, जो पूरी हो जाने पर पुनः मंदिर आकर मातारानी के प्रति कृतज्ञता स्वरूप प्रसाद चढ़ाते हैं। मंदिर पर प्रतिदिन सुबह 7 बजे, 11 बजे, सांय 7 बजे बजे और रात 11 बजे आरती का क्रम जारी है। इसी तरह प्रतिदिन तीन समय मातारानी का अलग-अलग स्वरूप में श्रृंगार भी किया जा रहा है।मंदिर आने वाले भक्तों की सुविधा के लिए नवरात्र में विशेष पूजा, अभिषेक, अनुष्ठान एवं यज्ञ-हवन सहित विभिन्न कार्यक्रम भी यहां हो रहे हैं। मंदिर प्रतिदिन सुबह 6 बजे से रात 11 बजे तक खुला रहेगा। प्रतिदिन मातारानी के गर्भगृह का पुष्प बंगला भी यहां श्रृंगारित हो रहा है।

# पीपल्याहाना, पॉथ ग्राउंड पर अग्रवाल प्रीमियर लीग-25 का रंगारंग शुभारंभ

**संवाददाता ● इंदौर**

अग्रवाल समाज इंदौर फाउंडेशन द्वारा पीपल्याहाना, पाथ स्क्वेयर ग्राउंड, महाराजा अग्रसेन चौक पर आयोजित अग्रवाल प्रीमियर लीग (एपीएल-25) का रंगारंग शुभारंभ मंगलवार सांय समाजसेवी विनोद –वर्षा बंसल, रत्नेश गोयल, प्रीति-महेन्द्र अग्रवाल, गणेश गोयल, मदनलाल गरोठवाले एवं भरत अग्रवाल के आतिथ्य में रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़कर किया गया। फाउंडेशन के प्रमुख किशोर गोयल एवं संजय बांकड़ा ने बताया कि 1 से 13 अप्रैल तक होने वाले



अग्रवाल समाज के इस रोमांचक आयोजन में कुल 36 टीमें भाग ले रही हैं, जनमें 4 टीमें महिला खिलाड़ियों की भी है। आज पहला मुकाबला रायल ब्रदर्स एवं जय अग्रसेन छावनी यंगस्टर्स टीम के बीच हुआ। मुकाबले प्रतिदिन रात्रि में होंगे। स्पर्धा स्थल पर दो हजार से अधिक दर्शकों की बैठक क्षमता वाला अस्थायी स्टेडियम बनाया गया है। प्रतिदिन समाज के विशिष्ट अतिथि यहां आकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करेंगे।

# आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, सुदामा नगर से निकली भव्य प्रभात फेरी

**संवाददाता ● इंदौर**

मंगलवार को दिगंबर जैन समाज की 20 दिवसीय प्रभात फेरी सुबह श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, सुदामा नगर से निकली व आसपास के क्षेत्रों में घूम कर पुनः वही पहुंची। समाज के अध्यक्ष राजकुमार पाटोदी ने बताया कि भगवान महावीर जन्म कल्याणक के अवसर पर निकलने वाली भव्य स्वर्ण रथ यात्रा के सारथी बने मुकेश - चंदन बाला पाटोदी परिवार का सम्मान सुदामा नगर जैन समाज के अध्यक्ष पदमचंद मोदी, कल्पना विनायका व अन्य पदाधिकारीयों ने किया । समाज के प्रचार प्रमुख सतीश जैन ने बताया कि बैंड बाजों के साथ निकल रही इस प्रभात फेरी मैं समाज श्रेष्ठियों के साथ आज सोशल ग्रुप पुष्प एवं सीनियर सिटीजन के बहुत अधिक दंपति सदस्य चल रहे थे। वे बड़े भक्ति भाव से प्रभु जी के जय कारे लगाते हुए चल रहे थे, व महिलाएं भक्ति नृत्य करते हुए चल रही थी। चंदन बालापाटोदी, राजकुमार पाटोदी, राकेश विनायका ,सुशील पांड्या ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर समाज श्रेष्ठि कीर्ति पांड्या ,राजेंद्र सोनी, भूपेंद्र जैन, विमल झांझरी, मयंक काला, निर्मल पाटनी, रितेश जैन, डॉक्टर अशोक बन्डी, अतुल गोइल, कमल रावका, संदीप पापड़ी वाल, श्रीमती मीना मोदी, ममता बढ़जात्या , मनीष जैन, सहित बहुत अधिक संख्या में समाज जन उपस्थित थे।

### राम-जानकी महायज्ञ में अब तक पांच लाख आहुतियां संपन्न

# रामलला मंदिर में भी आरती के लिए उमड़ रहा जनसैलाब

**संवाददाता ● इंदौर**

**जनसैलाब**

दशहरा मैदान स्थित 'अवध लोक' पर सबके राम लोक कल्याण समिति के तत्वावधान में चल रहे श्रीराम जन्मोत्सव में दिनोंदिन भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है।यहां चल रहे श्रीराम जानकी महायज्ञ में अब तक 5 लाख आहुतियां संपन्न हो चुकी हैं। पांच सौ से अधिक यजमान युगल एवं विद्वान आचार्य यहां प्रतिदिन सुबह समवेत स्वर में स्वाहाकार और मंत्रों एवं श्लोकों की मंगल ध्वनि का उच्चारण करते हैं तो समूचा दशहरा मैदान परिसर गुंजायमान हो उठता है। संध्या को अयोध्या के रामलला मंदिर में राम दरबार की आरती में भी भक्तों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। सांसद



शंकर लालवानी, विधायक गोलू शुक्ला एवं भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता दीपक जैन टीनू ने भी यहां पहुंचकर रामलला की आरती में भाग लिया और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराई।

'सबके राम' लोक कल्याण समिति के संयोजक महेन्द्रसिंह सौलंकी एवं प्रवीणा अग्निहोत्री ने बताया कि अयोध्या की सरयू नदी से लाए गए पवित्र जल एवं पावन माटी के दर्शन भी यहां आने वाले भक्तों को आल्हादित बना रहे हैं। अनेक श्रद्धालु पवित्र जल एवं माटी के दर्शन मात्र से स्वयं को अभिभूत मान रहे हैं। प्रतिदिन शाम को जब राम गीत धुन बजती है तो मैदान का माहौल भक्ति भाव से भरपूर बन जाता है। संध्या को आरती में गर्भगृह में खड़े रहने की जगह भी बमुश्किल मिल पाती है। रात्रि में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का सिलसिला भी भक्तों के लिए श्रद्धा और आकर्षण का केन्द्र बन गया है। सोमवार की रात को राम भजन एवं राम स्तुति कार्यक्रम में संतोष अग्निहोत्री एवं स्मृति आदित्य के साथ उनकी टीम के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से हजारों दर्शकों का मन मोह लिया। विधायक गोलू शुक्ला ने संयोजकद्वय महेन्द्रसिंह चौहान एवं श्रीमती प्रवीणा अग्निहोत्री के साथ सभी कलाकारों का स्वागत किया। उन्हें भगवा दुपट्टा पहनाकर अखंड भारत एवं रामलला की प्रतिमा भेंटकर सम्मानित किया गया।

**आज के कार्यक्रम**

दशहरा मैदान पर अवैध लोक पर चल रहे सबके राम महोत्सव में आज राम आराधना तथा राम से राम तक कवि सम्मेलन का आयोजन दीप्ति गंगराड़े एवं शौर्य नमन के संयोजन में होगा। नवरात्रि में प्रतिदिन यहां रात 8 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां का सिलसिला चल रहा है। सभी कार्यक्रम निशुल्क और आम लोगों के लिए खुले हैं।

### लापरवाही बरतने पर निगम आयुक्त हुए नाराज, स्वास्थ्य प्रभारी निलंबित

# 10 माह से परेशान महिला को थमा दिया अनुकंपा नियुक्ति पत्र

संवाददाता ● इंदौर

निगम आयुक्त शिवम वर्मा का गुस्सा तब फूटा, जब अनुकम्पा नियुक्ति में 10 महीने से चक्कर काट रही महिला की शिकायत पर उन्होंने कार्रवाई की। अफसरों से उन्होंने कहा कि दो घंटे में नियुक्ति पत्र दिया जाए। जनसुनवाई के दौरान आवेदनकर्ता कविता पंकज धोलपुरे ने आयुक्त वर्मा के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करते हुए उल्लेख किया कि वह दिवंगत निगम कर्मचारी पंकज धोलपुरे की पत्नी है और पति के जाने के बाद लगातार अनुंकपा नियुक्ति के लिये निगम के स्वास्थ्य विभाग में आ रही हैं, किंतु स्वास्थ्य विभाग सेवा यूनिट में कोई सुनवाई नही करते हुए कार्य में देरी की जा रही है। इस शिकायत पर आयुक्त वर्मा ने तत्काल स्वास्थ्य सेवा यूनिट के राजेश करोसिया को कार्य में देरी व लापरवाही करने पर फटकार लगाते हुए निलंबित करने के आदेश दे दिए। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग उपायुक्त एसके सगर को आवेदनकर्ता के अनुंकपा नियुक्ति संबंधित आदेश तत्काल जारी करने के आदेश दिये गये। आयुक्त के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा मात्र 3 घंटे में जनसुनवाई में आई आवेदक महिला को अनुकंपा नियुक्ति का आदेश प्रदान किया गया। महिला आवेदक द्वारा अनुकंपा नियुक्ति आदेश मिलने पर आयुक्त के प्रति आभार व्यक्त किया।

**निलंबित**



**जन सुनवाई में 45 आवेदन हुए प्राप्त**

इसके साथ ही आयुक्त वर्मा द्वारा निगम कर्मचारियों के अनुकंपा नियुक्ति संबंधित लंबित आवेदनों के नियमानुसार निराकरण हेतु विशेष अभियान चलाकर तत्काल लंबित प्रकरणो के समाधान कर नियुक्ति पत्र जारी करने के संबंधित कार्यवाही के संबंधित को निर्देश दिये गये। जनसुनवाई के दौरान नागरिकों द्वारा राजस्व, मार्केट, भवन अनुज्ञा, स्वास्थ्य विभाग, रिमूवल विभाग, सीवरेज विभाग, जनकार्य विभाग सहित अन्य विभागो के 45 आवेदन आयुक्त के समक्ष प्रस्तुत किये गये।

### 15 किमी दूर से आ रहे आवेदक से की चर्चा



आयुक्त शिवम वर्मा द्वारा सिलिकॉन सिटी में विकास कार्यों के निरीक्षण किया जा रहा था। इस दौरान अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया, कार्यपालन यंत्री विवेश जैन एवं अन्य उपस्थित थे।निरीक्षण के दौरान झोन क्रमांक 14 वार्ड क्रमांक 19 के मुकेश शर्मा से भेंट की गई। आवेदक ने बताया कि मैं प्रधानमंत्री आवास योजना के पलाश परिसर राऊ में निवासरत हूं। आज नगर निगम मुख्यालय में जनसुनवाई है और मैं आपके पास ही अपनी समस्या लेकर जनसुनवाई में आ रहा था। इस पर आयुक्त स्वयं आवेदक के पास गए और उनकी समस्या को जाना। उसे पलाश परिसर राऊ से 15 कि.मी. दूर निगम मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई में न आते हुए, आवेदक की समस्या का तत्काल निराकरण करने के संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए गए।

## शॉट न्यूज

### सड़क पर खड़ी 7 बसें जब्त अभियान चलाकर एक्शन

**इंदौर**। कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा पिछले दिनों ली गई बस संचालकों की बैठक में दी गई हिदायतों के बावजूद सड़कों पर बस खड़ी कर यातायात बाधित करने वालों के विरूद्ध अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई की गई। इसके तहत सड़क पर खड़ी पायी जाने पर 7 बसों को जब्त किया गया। बसों को जब्त करने की यह कार्रवाई जिला प्रशासन, आरटीओ तथा यातायात पुलिस के संयुक्त अमले ने की। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि विगत दिनों समस्त बस ऑपरेटरों की बैठक में रोड़ पर दोनों ओर अवैध रूप से बसों को खड़ा किया जाने से यातायात अवरूद्ध होकर जाम की स्थिति निर्मित होने पर अप्रसन्नता जाहिर की गई थी। समस्त बस ऑपरेटरों को उनकी बसों को निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही पार्क करने हेतु निर्देश दिये गये थे।

### स्मार्ट मीटर के बाद अब महंगी बिजली देगी झटका

**इंदौर**। 1 अप्रैल से विद्युत नियामक आयोग ने बिजली की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी है। यह बढ़ोतरी नियामक आयोग और बिजली कंपनी के अधिकारियों ने अपनी मर्जी अनुसार की है। पहले ही महंगाई की मार से जूझ रही जनता स्मार्ट मीटर के कारण अधिक रीडिंग आने से परेशान हो रही है। इसके बाद अब बिजली की कीमतों में बढ़ोतरी किए जाने के कारण महंगाई की एक और मार बिजली कंपनी और विद्युत नियामक आयोग ने मध्यवर्गीय उपभोक्ताओं को लगाई है। सबसे बड़ी बात यह है कि बिजली की कीमतें बढ़ाने के लिए जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधि अर्थात विधायक और अन्य नेताओं से किसी भी प्रकार की चर्चा नहीं की गई। कहने का मतलब यह है कि जनप्रतिनिधियों को विश्वास में लिए बगैर ही जनता पर बिजली की कीमतें बढ़ाकर और महंगाई लाद दी गई है।

### चार साल पहले लव मैरिज करने वाली ने लगाई फांसी

**इंदौर**। सुखलिया निवासी प्रिया गिरी ने फांसी लगाकर जान दे दी। मायके वालों ने पति सहित जेठ-जेठानी और सास पर हत्या का आरोप लगाया है। ये लोग दहेज के लिए परेशान कर रहे थे और इन लोगों ने ही प्रिया को गला दबाकर मारा है। हीरानगर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। एसीपी डीएस येवले को मामले की जांच सौंपी गई है। पुलिस के मुताबिक प्रिया गिरी ने सुखलिया निवासी विजय तोमर से प्रेम विवाह किया था। उसका ढाई साल का बेटा भी है। प्रिया ने ससुराल में ही फांसी लगा ली। विजय ने कॉल कर प्रिया के भाई पवन को मौत की खबर दी। उसको स्कीम-54 स्थित निजी अस्पताल ले गए, लेकिन वहां मृत बता दिया गया। प्रिया की बहन आरती ने विजय (पति), चेतन (जेठ), ससुर सूरतसिंह सहित जेठानी और सास पर हत्या का आरोप लगाया है।

# नए सत्र के साथ स्कूल चलें हम अभियान की भी शुरूआत

### कलेक्टर की उपस्थिति में सीएम राइज स्कूल में प्रवेशोत्सव

संवाददाता ● इंदौर



जिले में नया शैक्षणिक सत्र मंगलवार से प्रारंभ हुआ। इसी के साथ ही स्कूल चले हम अभियान की शुरूआत भी हुई। जिले के सभी स्कूलों में प्रवेशोत्सव भी मनाया गया। इसके तहत नव प्रवेशित बच्चों का तिलक लगाकर, पुष्पाहार पहनाकर स्वागत किया गया। कलेक्टर आशीष सिंह ने बाणगंगा स्थित शासकीय अहिल्या आश्रम सीएम राइज स्कूल पहुंचकर प्रवेशोत्सव का शुभारंभ किया। उन्होंने बच्चों से चर्चा की तथा स्कूल में उपलब्ध सुविधाओं और नवाचार को भी देखा।इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर ने कहा कि शासकीय स्कूलों में अब शिक्षकों एवं आवश्यक संसाधनों की कमी नहीं है। इस वजह से स्कूलों की शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक उपलब्धियां दिखाई देने लगी है। सम्पूर्ण समाज का विश्वास अब शासकीय स्कूलों के प्रति लौटने लगा है। नवीन शैक्षणिक सत्र में शासकीय विद्यालयों में प्रवेशित विद्यार्थियों की संख्या बढ़ने की संभावना है। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिंदगी में किसी भी प्रकार का अभाव जिज्ञासु विद्यार्थियों को उनके लक्ष्य से दूर नहीं कर सकता है। संकल्प के साथ की गई मेहनत सफलता दिलवाएगी। कलेक्टर आशीष सिंह ने विद्यालय के रखरखाव और उपलब्धियों की सराहना की। कलेक्टर आशीष सिंह ने विद्यालय को पांच वाटर कूलर देने की घोषणा की।

**अभियान**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिद्धार्थ जैन ने छात्राओं से कहा कि विषय को पढ़े, फिर समझे, फिर उससे उपजे प्रश्नों का समाधान अपने गुरुजनों से करने के बाद फिर उसे लिखकर देखें। ऐसा करने से आपको विषय भी समझ में आकर सरल लगने लगेंगे। इस अवसर पर संयुक्त संचालक शिक्षा अरविंद सिंह व पार्षद सीमा भाटी भी उपस्थित थी। अतिथि द्वय ने छात्राओं का तिलक लगाकर तथा फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर छात्राओं को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें भी प्रदाय की गई। स्वागत भाषण जिला शिक्षा अधिकारी सुषमा वैश्य ने दिया। अतिथि स्वागत नरेन्द्र जैन ने किया।

### मौसम ने पलटी मारी : गर्मी में छाए बादल, ठंडी हवाओं ने बढ़ाई चिंता

**इंदौर**। पिछले 10-15 वर्षों से मार्च के अंतिम दिनों में अधकतम तापमान के उच्चतम स्तर की जो परंपरा रही थी, वह इस बार टूट गई है। मंगलवार को सुबह से बादल रहे और रात में कई जगह बूंदाबांदी के साथ भी ठंडी हवाएं चलती रहीं। इससे पहले सोमवार को महीने के आखिरी दिन न केवल सुबह से लेकर शाम तक बादल छाए रहे, बल्कि अलसुबह 5 से 7 बजे के बीच हल्की बूंदाबांदी भी हुई। इस समय हवा की दिशा भी सामान्यतः पश्चिमी रहती है, जो गर्मी लेकर आती है, लेकिन पिछले दो दिनों से हवा की दिशा उत्तर-पूर्वी रही। इससे ठंडापन महसूस हो रहा है और तापमान में भी गिरावट आई है। मंगलवार को हालाँकि तापमान में थोड़ा इजाफा हुआ वहीं सोमवार को अधिकतम तापमान 35.4 डिग्री दर्ज किया गया। दरअसल रविवार रात से ही बादल छाने लगे थे, जिससे हवा की गति भी मंद हो गई थी। इसके परिणामस्वरूप न्यूनतम तापमान में 3.5 डिग्री की वृद्धि हुई और यह 19.7 डिग्री से बढ़कर रविवार रात को 23.2 डिग्री तक पहुंच गया, जो औसत से 4 डिग्री अधिक था। इस महीने में यह चौथा पश्चिमी विक्षोभ है जो गर्मी को प्रभावित कर रहा है। पश्चिमी विक्षोभ का मौसम पर प्रभाव साफ़ देखा जा सकता है, जो सामान्य तापमान से अधिक गर्मी का कारण बनता है। चक्रवात और ट्रफ लाइन की स्थिति - मौसम केंद्र की अधिकारी डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि मराठवाड़ा और इसके आसपास के इलाकों में 1.5 किलोमीटर की ऊंचाई पर एक चक्रवात बन चुका है। इसके अलावा, छत्तीसगढ़ के दक्षिणी हिस्से से विदर्भ और मध्य महाराष्ट्र तक एक ट्रफ लाइन बनी हुई है, जो मौसम पर प्रभाव डाल रही है। इस चक्रवात और ट्रफ लाइन के प्रभाव से बारिश और बादलों के कारण मौसम में ठंडक बनी हुई है।

**पश्चिमी विक्षोभ और तापमान में उतार-चढ़ाव**

### मुस्लिम युवक के खिलाफ जनसुनवाई में पहुंचीं ब्रह्माकुमारी बहनें

# प्रवचन हॉल के बाहर अंडे के छिलके, हड्डियां और खाली बोतलें फेंकता है



संवाददाता ● इंदौर

शहर में विधर्मियों द्वारा सनातनियों को परेशान करने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को सिलिकॉन सिटी स्थित ब्रह्माकुमारी सेंटर की बहनें कलेक्टर की जनसुनवाई में शब्बीर नामक युवक की शिकायत लेकर पहुंची। उनका आरोप था कि उनके प्रवचन हॉल के नजदीक ही शब्बीर नामक युवक की बिल्डिंग है। उसे प्रवचन हॉल में होने वाले सनातनी कार्यों से बड़ी परेशानी है। ब्रह्माकुमारी बहनों ने बताया कि प्रवचन हॉल प्लॉट पर टीन शेड के माध्यम से टेंपरेरी बनाया हुआ है। इसके नजदीक ही ब्रह्मकुमारी सेंटर भी है। यहां आने वाले भाइयों और बहनों से शब्बीर बदसलूकी करता है। वह लगातार धमकी दे रहा है कि यहां से सनातन धर्म से संबंधित काम बंद कर इस जगह को छोड़कर चले जाओ। नहीं तो वह उन्हें यहां चैन से रहने नहीं देगा। परेशान करने के लिए आए दिन प्रवचन हॉल के बाहर अंडे के छिलके, चिकन मटन की हड्डियां और शराब की खाली बोतले फेंकता है। उसे कई बार समझने के बावजूद वह मानने को तैयार नहीं है। ब्रह्माकुमारी बहनों ने शिकायत की है कि शब्बीर ने अवैध तरीके से वहां बिल्डिंग बनाई हुई है, जिसकी भी शिकायत उनके द्वारा की गई है, लेकिन कही भी उनकी सुनवाई नहीं हुई।

**शिकायत**

शब्बीर उनके प्रवचन हॉल पर कब्जा कर वहां भी कुछ निर्माण करने की योजना बना रहा है, इस वजह से मानसिक तौर पर परेशान किया जा रहा है। लंबे समय से उसकी प्रताड़ना झेल रही ब्रह्माकुमारी बहनें मंगलवार को शब्बीर की शिकायत करने जन सुनवाई में पहुंची और उसकी अवैध बिल्डिंग और उसकी सनातन विरोधी हरकतों की शिकायत की। यहां अपर कलेक्टर राजेंद्र रघुवंशी ने उनकी शिकायत पर जांच करवाकर उचित कार्रवाई करने की बात कही है। उसकी बिल्डिंग अवैध पाए जाने पर उसकी रिमूवल की कार्रवाई करने की बात भी कही है।

### सभी वार्डों में आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने के निर्देश

## निगम की नीली सेना गार्बेज फ्री सिटी और वाटर प्लस सर्वे के लिए तैयार

संवाददाता ● इंदौर

गार्बेज फ्री सिटी और वाटर प्लस सर्वे की गाइडलाइन के अनुसार आयुक्त वर्मा ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर के 85 वार्डों में सर्वेक्षण के लिए आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जाएं। इसके अंतर्गत डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, कचरे का पृथक्करण (सेग्रीगेशन), लीटर बिन की उपलब्धता, स्टांप वाटर लाइन, सीवरेज चैंबर की पर्याप्त सफाई एवं संधारण कार्य को प्रभावी रूप से लागू किया जाए।

**निर्देश**



आगामी गार्बेज फ्री सिटी और वाटर प्लस सर्वे के संबंध में आयुक्त शिवम वर्मा ने समीक्षा बैठक आयोजित की। इसमें जलप्रदाय, स्वास्थ्य, ड्रेनेज, इंदौर स्मार्ट सिटी, उद्यान, जनकार्य, सीटीपीटी, विद्युत विभाग के अधिकारीगण शामिल हुए। बैठक में समस्त अपर आयुक्त, विभाग प्रमुख, झोनल अधिकारी, भवन अधिकारी, भवन निरीक्षक, सब इंजीनियर एवं अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित थे। साथ ही निर्माणाधीन भवनों के आसपास सुरक्षा उपायों का पालन, पुनः उपयोग किए जाने वाले जल (री-यूज वाटर) का अधिकतम उपयोग, एसटीपी प्लांट की उचित व्यवस्था, सार्वजनिक शौचालयों (सीटीपीटी), यूरिनल्स पर पर्याप्त संकेतक एवं ब्रांडिंग कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। शहर को स्वच्छ और जल प्रबंधन की दृष्टि से उत्कृष्ट बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। अधिकारी और संबंधित विभाग गार्बेज फ्री सिटी और वाटर प्लस सर्वे के सभी मानकों का पालन सुनिश्चित करेंगे, ताकि इंदौर स्वच्छता और जल संरक्षण में नई मिसाल कायम कर सके।

### हुकुमचंद मिल की जमीन पर सरकार को मिले 27 करोड़

# सबसे महंगी रजिस्ट्री : हुकुमचंद मिल की 218 करोड़

**शहर में मंगलवार से नई कलेक्टर गाइडलाइन लागू हो गई है। उसके आधार पर ही अब जिले में प्रॉपर्टी के सौंदे होंगे और तय सरकारी रेट के हिसाब से पंजीयन होगा।**

संवाददाता ● इंदौर

मार्च महीने की सबसे बड़ी रजिस्ट्री से शासन को 27 करोड़ का राजस्व मिला है। 42 एकड़ की इस जमीन की कीमत 218 करोड़ से भी ज्यादा है। यह इंदौर की काफी पुरानी जमीनों में शुमार हुकुमचंद मिल की जमीन है। इसका आगामी दिनों में डेवलपमेंट किया जाना है।

**पंजीयन**

वरिष्ठ जिला पंजीयक दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि 29 मार्च को इंदौर-3 ऑफिस में हुकुमचंद मिल दस्तावेज का पंजीयन हुआ है। इसके पहले गोदरेज ग्रुप की रियल इस्टेट कंपनी ने सांवेर और मांगलिया तहसील में 60 एकड़ से ज्यादा जमीन के एवज में 35 करोड़ रुपये से ज्यादा का पंजीयन शुल्क चुकाया था। शहर में मंगलवार से नई कलेक्टर गाइडलाइन लागू हो गई है। उसके आधार पर ही अब जिले में प्रॉपर्टी के सौंदे होंगे और तय सरकारी रेट के हिसाब से पंजीयन होगा। शहर में 3300 लोकेशनों पर गाइडलाइन बढ़ाई गई है। इसमें ग्रामीण क्षेत्रों के इलाके सबसे ज्यादा है, जबकि 311 नई लोकेशन भी जोड़ी गई है। इन लोकेशनों में 176 प्रतिशत तक गाइडलाइन में इजाफा किया गया है।



**इन ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ी गाइडलाइन** - शहरी सीमा से लगे असरावद खुर्द, बेगमखेड़ी, बिहाड़िया, जामन्या खुर्द, तिल्लौर खुर्द,सोनवाय, उज्जैनी, झलारिया, गारी पिपल्या, बिसनखेड़ा, पंचडेहिया, धरनावद, मुंडला दोस्तदार, पालिया हैदर, मुरादपुरा, जस्सा कराड़िया, ढाबली, कदावली बुजुर्ग, पीर कराड़िया, डकाच्या गांव की कलेक्टर गाइड लाइन बढ़ी है। इनमें ज्यादातर वे 79 गांव है, जो मास्टर प्लान में शामिल किए गए है। इन गांवों में तेजी से टाउनशिप व कॉलोनियां विकसित हो गई है। पहले यहां कृषि भूमि के हिसाब से जमीनें की गाइड लाइन तय होती थी, लेकिन अब कॉलोनियों के नाम भी शामिल किए है।

### कुछ लोकेशनों में बदलाव किया

इंदौर में औसत 30 प्रतिशत तक गाइडलाइन बढ़ी है। शहर में कुछ लोकेशनों में बदलाव किया गया है। इंदौर 1 में 531, इंदौर 2 में 596, इंदौर 3 में 658, इंदौर 4 में 425, महू में 429, सांवेर में 348 और देपालपुर में 329 लोकेशनों पर गाइडलाइन बदली है। इंदौर जिले के सांवेर में सबसे ज्यादा 63 लोकेशन जुड़ी है। इंदौर 4 में दूसरे क्रम पर 54 नई लोकेशन जुड़ी है। इसके बाद दो नंबर क्षेत्र में 48 लोकेशन जुड़ी है। कुल 311 लोकेशनों को जोड़ा गया। इंदौर की 3300 में से 636 लोकेशनों पर 50 प्रतिशत से ज्यादा वृद्धि की गई है। इनमें ज्यादातर शहर के पश्चिम हिस्से की है। पहले इन लोकेशनों पर खेती की जमीन ज्यादा बिकती थी, लेकिन अब वहां बसाहट शुरु हो गई है। इसके कारण वृद्धि सबसे ज्यादा वहां हुई है।

# हॉलिडे डेस्टिनेशन अलग अनुभव और सीख देने वाले होने चाहिए

गर्मी के मौसम में जब मैं गांव की सुनसान सड़कों पर चल रहा था, तो मिट्टी की छत वाले अधिकतर घरों के दरवाजे बंद थे। कोई भी नजर नहीं आ रहा था। इस अकेलेपन में सिर्फ आवारा कुत्ते थे, जो हम अजनबियों पर भौंक रहे थे। दूर से मंदिर की घंटियों की आवाज आ रही थी। मैंने अपने पिता से पूछा, ह्यइस गांव में देखने लायक क्या है?ह्ल उन्होंने शांतिपूर्वक कहा, ह्ययहां सुविधाओं की कमी और गरीबी है। यह तुम्हें यह एहसास कराने के लिए है कि हम कितने भाग्यशाली हैं कि हम ऐसी जगह रहते हैं जहां हर सुविधा उपलब्ध है।ह्ल यह 1960 के दशक में रामेश्वरम के पास का एक छोटा सा गांव था।

यह दशकों पुराना अनुभव चंद दिनों पहले मुझे तब याद आया, जब मैं बिल्कुल उसी माहौल में गया था, लेकिन शून्य से नीचे तापमान में। यह दूरदराज का एक गांव था, जहां की ज्यादातर गलियां खाली थीं, घरों के दरवाजे बंद थे और शायद ही कोई दिख रहा था। हल्की बर्फबारी हो रही थी और सब कुछ बंद था। भारत-तिब्बत सीमा पर भागीरथी नदी के किनारे स्थित यह गांव बगोरी, हरसिल घाटी की खूबसूरती से घिरा है और यह गांव तब भी और अब भी ह्यभूतिया गांवह्ल कहलाता है। गांव की सड़कों पर बर्फ में चलते पहाड़ी कुत्ते और मंदिर की घंटियों की आवाज सुनाई देती है। समुद्र तल से 648 मीटर की ऊंचाई पर स्थित बगोरी का सामान्य तापमान 15-20 डिग्री सेल्सियस रहता है। सर्दियों में ये शून्य से नीचे चला जाता है। पहले के दिनों में ऐसी स्थितियों में बगोरी के लोग उत्तरकाशी जिले के निचले और गर्म क्षेत्रों में चले जाते थे। इससे गांव लगभग छह महीने तक वीरान रहता है। और लोग अमूमन मई से नवंबर के बीच गर्म महीनों में वापस लौटते हैं। सोमवार को मुझे पता चला कि बगोरी जैसे गांवों के ज्यादातर लोग छुट्टियों के अलावा घर नहीं लौटते। इसका कारण है कि इन गांवों में एक भी प्राथमिक स्कूल नहीं है और गांव की महिलाएं

**पुरुष यहां सेब के बाग और पर्यटन व्यवसाय संभालते हैं। यह समस्या सिर्फ बगोरी की नहीं है, बल्कि आसपास के सुखी, हर्षिल, मुखबा, जसपुर, पुराली, धराली और झाला जैसे गांवों की भी है। इन गांवों में कुछ प्राथमिक स्कूल हैं, जिन्हें दो शिक्षक सभी विषय पढ़ाते हैं। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की कमी ने इन परिवारों को अलग रहने पर मजबूर कर दिया है। पुरुष गांवों में रहते हैं क्योंकि चार धाम यात्रा मार्ग की तीर्थयात्रा अर्थव्यवस्था से उन्हें नियमित आय होती है। पर्यटन के कम दिनों में सेब की खेती मौसमी आय का मजबूत स्रोत है।**

अपने बच्चों के साथ देहरादून और उत्तरकाशी जैसे शहरों में चली गई हैं। पुरुष यहां सेब के बाग और पर्यटन व्यवसाय संभालते हैं। यह समस्या सिर्फ बगोरी की नहीं है, बल्कि आसपास के सुखी, हर्षिल, मुखबा, जसपुर, पुराली, धराली और झाला जैसे गांवों की भी है। इन गांवों में कुछ प्राथमिक स्कूल हैं, जिन्हें दो शिक्षक सभी विषय पढ़ाते हैं। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की कमी ने इन परिवारों को अलग रहने पर मजबूर कर दिया है। पुरुष गांवों में रहते हैं क्योंकि चार धाम यात्रा मार्ग की तीर्थयात्रा अर्थव्यवस्था से उन्हें नियमित आय होती है। पर्यटन के कम दिनों में सेब की खेती मौसमी आय का मजबूत स्रोत है। पुरुष अपनी जमीन और लॉज संभालते हैं और बुजुर्ग रिश्तेदार खेतों में पुरुषों की या शहरों में महिलाओं की मदद करते हैं।

यहां के लोग यह मानते हैं कि शिक्षा ही आर्थिक सफलता का मूल मंत्र है, इसलिए लोग बच्चों की अच्छी पढ़ाई-लिखाई के लिए बाहर चले जाते हैं। कई सालों बाद जब बेटे (मैं खुद) और पिता के बीच दिल से दिल की बात हुई, तब पिता ने साझा किया कि कैसे उस यात्रा के बाद बेटे की पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने की क्षमता में सुधार हुआ। उस गरीबी ने मेरे दिल पर ऐसी छाप छोड़ी कि तबसे मैंने हमेशा कड़ी मेहनत की ताकि परिवार को बेहतर जीवन स्तर और समृद्धि मिल सके। अगर आप ऊपर बताई जगहों में कहीं जाना चाहें तो ये देहरादून से हवाई व सड़क मार्ग, ऋषिकेश से रेल व सड़क मार्ग और टिहरी से सड़क मार्ग से जुड़े हैं। फंडा यह है कि आगामी गर्मी की छुट्टियों में यात्रा की योजना बनाएं, लेकिन सोशल साइट्स पर दिखावे के लिए नहीं। बल्कि, यह अनुभव देने और नई पीढ़ी को मजबूत लेसन सिखाने के लिए होनी चाहिए। सही लक्ष्यों के साथ की गई पारिवारिक यात्रा को बच्चे कभी नहीं भूलते। फंडा यह है कि हमारी रोजमर्रा की समस्याओं का समाधान करना एक अच्छा सोचने वाले दिमाग का प्राथमिक काम है।

## संत वचन

यही कारण है कि प्रभु ने उन फरीसियों की आलोचना की और उन्हें उनके व्यवहार के लिए फटकार लगाई, जिसे उन्होंने इस प्रकार उजागर किया कि यह उनके पूर्वजों और पूर्वजों द्वारा दिखाए गए व्यवहार से मिलता-जुलता था, जो प्रभु और उनकी सच्चाई पर भरोसा करने के बजाय अपनी इच्छाओं, अपनी समझ और चीजों की व्याख्या के अनुसार चलने की उनकी जिद थी। उनका अभिमान और अहंकार, महत्वाकांक्षाएं और इस दुनिया की इच्छाएं उन्हें गलत रास्ते पर ले गईं और उन्हें प्रभु से और भी दूर कर दिया, क्योंकि उन्होंने प्रभु के लिए अपने दिल और दिमाग के दरवाजे बंद कर दिए थे। यह वह रवैया है जो प्रभु नहीं चाहते कि हममें से कोई भी रखे, ताकि हम यह न सोचें कि हमारे तरीके और पद्धतियां बेहतर हैं या हम अपने आस-पास के लोगों की तुलना में किसी तरह बेहतर और श्रेष्ठ हैं। इसके बजाय, ईसाइयों के रूप में, यह हमेशा महत्वपूर्ण है कि हम विनम्र रहें और दूसरों की बात सुनने के लिए तैयार रहें, खासकर भगवान की बात सुनने में।

# कानून के राज को बहाल करना सत्ता की जिम्मेदारी

संविधान की सर्वोच्चता और सर्वोच्च न्यायालय की महत्ता तब बहुत कम मायने रखने लगती है, जब शक्ति-प्रदर्शन ही सत्ता की प्रणाली हो और कानून के राज को एक वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में देखा जाने लगे। जिस तरह से राजनेता और राजनीतिक दल संविधान में निहित सिद्धांतों और सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों की अवहेलना कर रहे हैं, उससे देश के लोकतांत्रिक ताने-बाने के सामने सवालिया निशान लगने लगे हैं। बुलडोजर-न्याय इसी का प्रतीक है। इसका उद्देश्य तो स्पष्ट है : भय पैदा करने और अपना प्रभुत्व कायम करने के लिए राज्य की शक्ति का अवैध रूप से उपयोग करना। इसके निशाने पर अमूमन गरीब, अल्पसंख्यक और असहमत लोग होते हैं।

चाहे महाराष्ट्र या यूपी हो, या एमपी या दिल्ली- बुलडोजर से किए जाने वाले ज्यादातर विध्वंस बिना उचित प्रक्रिया के, बिना नोटिस दिए और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पालन किए बिना होते हैं। इसमें निष्पक्ष सुनवाई का अवसर और दोषी सिद्ध होने तक किसी को निर्दोष मानने का सिद्धांत भी शामिल है, जो हमारी न्याय-व्यवस्था का आधार है। औरंगजेब पर नागपुर में भड़की साम्प्रदायिक हिंसा के बाद म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के बुलडोजर भी हरकत में आ गए, भले ही बॉम्बे हाईकोर्ट ने इस पर रोक लगाई थी। प्रशासन ने दावा किया कि वह दंगा भड़काने के आरोपियों पर कानून का शासन लागू कर रहा था। जबकि यह बुलडोजर-न्याय का एक और उदाहरण था।

**एडिट.नोट**

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रयागराज में नोटिस के 24 घंटे के भीतर की गई तोड़फोड़ ने ह्यहमारी अंतरात्मा को झकझोर दिया।ह्ल वीडियो फुटेज में एक स्कूली छात्रा को विध्वंस से अपनी किताबें बचाते देखा गया था। सर्वोच्च न्यायालय ने अपनी कई टिप्पणियों और फैसलों में लक्ष्मण-रेखा खींचने के प्रयास किए हैं।

दिल्ली नगर निगम बनाम उमर खालिद और अन्य (2023) मामले में न्यायालय ने स्पष्ट कहा कि तोड़फोड़ को प्रतिशोध के साधन के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति बी.आर. गवई ने जोर देते हुए कहा कि उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना घरों को ध्वस्त करने के लिए बुलडोजर का उपयोग न केवल असंवैधानिक, बल्कि असभ्यतापूर्ण भी है। न्यायालय ने दोहराया कि भले ही निर्माण अवैध हों, उन पर कार्रवाई करते समय उचित प्रक्रिया का पालन किया जाना चाहिए। लोगों को बेघर करने से पहले नोटिस दिया जाना चाहिए, सुनवाई की जानी चाहिए और वैकल्पिक व्यवस्था पर विचार किया जाना चाहिए।

बेंच ने कुछ समूहों को टारगेट करने के लिए कानूनों को हथियार की तरह इस्तेमाल करने के खिलाफ भी चेताया और इसे संविधान के अनुच्छेद 14 (कानून के समक्ष समानता) और 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार) का उल्लंघन बताया। जब राज्यसत्ता किसी दंड के भय से मुक्त होकर गैरकानूनी और प्रतिशोधात्मक तरीके अख्तियार करती है, तो इससे राजनीतिक कार्यकताओं को भी कानून को हाथ में लेने की प्रेरणा मिलती है। हाल ही में मुंबई में शिंदे गुट के शिवसैनिकों ने स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा के खिलाफ उत्पात मचाया और जिस स्टूडियो में उन्होंने अपना कार्यक्रम रिकॉर्ड किया था, उसमें तोड़फोड़ की। हालांकि बाद में कुछ अपराधियों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए, लेकिन भीड़ से जो छूट गया था, उसे राज्य सरकार के बुलडोजरों ने पूरा कर दिया। लगता है हमारे राजनेताओं ने कानूनसम्मत आचरण के साथ-साथ सेंस ऑफ ह्यूमर भी खो दिया है। यह दुःखद है, क्योंकि आलोचना, असहमति और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता संविधान द्वारा गारंटीशुदा हैं। जो राज्यसत्ता के दबंगईपूर्ण तौर-तरीकों का समर्थन करते हैं, उन्हें समझना चाहिए कि अनियंत्रित राज्यसत्ता किसी को भी अपना अगला शिकार बना सकती है- उन्हें भी। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी होगी।

**कौशिक बसु - लेखक**

# ट्रम्प अमेरिका के बजाय दूसरे देशों को ग्रेट न बनाने

ट्रम्प की वापसी के बाद आर्थिक नीति में नाटकीय बदलाव हुए हैं, जिनसे कई देश चिंतित हैं। नए प्रशासन ने चीनी, मैक्सिकन और कनाडाई आयातों पर व्यापक टैरिफ लगाए हैं। इसमें यूएस-मैक्सिको-कनाडा समझौते (यूएसएमसीए) के तहत आने वाली वस्तुओं पर पहले रोक लगाई गई, फिर हटाई गई और बाद में अस्थायी छूट दी गई। जवाब में, कनाडा और मैक्सिको ने प्रमुख उद्योगों पर टैरिफ की घोषणा की। ट्रम्प हर किसी पर ह्यटैरिफ के बदले टैरिफह्ल लगाने की कसम खा रहे हैं। चूंकि विश्व अर्थव्यवस्था पर अमेरिका का सबसे ज्यादा असर होता है, इसलिए इन अचानक और अप्रत्याशित नीतिगत बदलावों ने वैश्विक मंदी की आशंका बढ़ाई है। शेयर बाजार में बिकवाली शुरू हो गई है। इसकी शुरूआत खुद अमेरिका से हुई।

वास्तव में, ट्रम्प की व्यापार नीतियां विदेश से ज्यादा खुद उनके देश को नुकसान पहुंचा सकती हैं। हालांकि उनके कुछ कदम फायदेमंद हो सकते हैं, जैसे घरेलू सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने की कोशिशें। लेकिन उनके अनिश्चित नीतिगत बदलाव अमेरिका की आर्थिक स्थिरता को खतरे में डाल सकते हैं, उसकी प्रतिस्पर्धात्मकता को कमजोर कर सकते हैं।

ट्रम्प लंबे समय से इस बात से निराश हैं कि कई देशों के साथ अमेरिका का व्यापार घाटे में चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपनी बैठक के दौरान उन्होंने विशेष रूप से भारत के साथ अमेरिका के 45.6 अरब डॉलर के व्यापार घाटे के बारे में चिंता जताई थी। जवाब में, मोदी ने अमेरिका से ऊर्जा आयात बढ़ाने का वादा किया। लेकिन यह जरूरी नहीं कि हर व्यापार संबंध संतुलित हो। व्यापार असंतुलन, वैश्विक कारोबार का स्वाभाविक हिस्सा है, जो बड़े पैमाने पर उत्पादन कर सकने वाली अर्थव्यवस्थाओं को सक्षम बनाता है। इससे अंततः सभी देशों को फायदा होता है। लोगों के बीच रोजमर्रा के लेन-देन के बारे में सोचें। मान लें कि आदम, पड़ोस में स्थित हव्वा की दुकान से किराने का सामान खरीदता है। हव्वा उस पैसे को विभिन्न दुकानों और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर खर्च करती है।

अब कल्पना करें कि एक दिन आदम गुस्से में हव्वा की दुकान पर पहुंचकर कहे, ह्यमैं तुमसे इतनी चीजें खरीदता हूं और तुम मुझसे कुछ नहीं खरीदती! फिर वह अपने व्यापारिक संबंधों को ह्यसंतुलित करने की मांग करने लगे। यदि हर कोई ऐसी शर्तों पर जोर देने लगेगा तो कारोबार ठप हो जाएगा और समाज वस्तु-विनिमय वाली प्रणाली की ओर लौट जाएगा। हालांकि हर देश के साथ संतुलित व्यापार के लिए प्रयास करना संभव नहीं है, लेकिन अमेरिका का कुल व्यापार-घाटा चिंताएं पैदा करता है। इस साल की शुरूआत में, घाटा 131.4 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। इसका मतलब यह है कि अन्य देश अमेरिका को सामान बेच रहे हैं और कमाए गए डॉलर का एक हिस्सा अपने पास रख रहे हैं। लेकिन यह समझना भी जरूरी है कि ऐसी मुद्रा होने की कीमत चुकानी पड़ती पड़ती है, जिस पर दुनिया भरोसा करती हो और उस पर वह निर्भर भी हो। कोई भी व्यक्ति स्वेच्छा से उत्तर कोरिया को सामान नहीं बेचेगा और भविष्य में इस्तेमाल के लिए उत्तर कोरियाई वॉन का भंडारण नहीं करेगा। दूसरी ओर, डॉलर ग्लोबल रिजर्व करेंसी के तौर पर काम करता है, क्योंकि दुनिया को इसकी स्थिरता पर भरोसा है। ट्रम्प के टैरिफ से डॉलर की वैश्विक भूमिका कमजोर होने का खतरा है। ट्रम्प जवाबी-टैरिफ की बात करते हैं यानी वे एक-एक उत्पाद के हिसाब से बराबर टैरिफ लगाना चाहते हैं। उनका यह रवैया उन्हें और उनकी चुनावी रैलियों में शामिल लोगों को तो पसंद आ सकता है, लेकिन इसमें संदेह है कि यह कितना असरदार होगा। आखिरकार, व्यापार मूल रूप से तुलनात्मक लाभ से ही चलता है। इसका मतलब है कि जिस उत्पाद को एक देश, व्यापारिक साझेदार को निर्यात करता है, वह साझेदार से आयात किए जाने वाले उत्पाद से अलग होना चाहिए। उदाहरण के लिए, एक देश हवाई जहाज आयात करे और दवाइयां निर्यात करे। इस प्रकार, किसी खास वस्तु पर दूसरे देश के आयात शुल्क जितना शुल्क लगाना निरर्थक होगा, खासकर तब, जब अमेरिका पहले ही उस वस्तु का आयात पर्याप्त मात्रा में न करता हो।

## बिजनेस

# टाटा पावर को ग्रीन एनर्जी स्किलिंग को आगे बढ़ाने के लिए एनसीवीईटी से मिली मान्यता

**मुंबई।** भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली कंपनियों में से एक, टाटा पावर को राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी) के तहत एक दोहरी पुरस्कार देने वाली संस्था (एबी-ड्यूअल) के रूप में आधिकारिक तौर पर मान्यता दी गई है। एक समझौते के जरिये औपचारिक रूप से दी गई यह उल्लेखनीय मान्यता, टाटा पावर को अपनी कौशल विकास शाखा, टाटा पावर स्किल डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (टीपीएसडीआई) में प्रशिक्षित शिक्षार्थियों की योग्यता का मूल्यांकन, प्रमाणन और पुरस्कार देने का अधिकार प्रदान करती है। टीपीएसडीआई, टाटा पावर द्वारा समर्थित उल्लेखनीय संस्थान है, जो युवाओं को तेजी से बढ़ते ऊर्जा क्षेत्र के लिए विशेषज्ञता से लैस कर रहा है।

इस समझौते पर टाटा पावर की ओर से श्री आलोक प्रसाद (प्रमुख - टीपीएसडीआई) और एनसीवीईटी की ओर से कर्नल गुंजन चौधरी (निदेशक - एनसीवीईटी) ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर श्री अतुल कुमार तिवारी (सचिव, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय और अध्यक्ष, एनसीवीईटी) और श्री हिमाल तिवारी (अध्यक्ष झ्र ग्रुप एचआर, सीएचआरओ, प्रमुख सस्टेनेबिलिटी (वहनीयता) और सीएसआर (कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी) मौजूद थे।

यह मान्यता स्किल इंडिया मिशन और टाटा पावर के बिजली क्षेत्र में कौशल की कमी दूर करने के लिए चल रहे मौजूदा प्रयासों के अनुरूप है। एनसीवीईटी की मान्यता टीपीएसडीआई को रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन, ऊर्जा भंडारण, ग्रीन हाइड्रोजन और पंप हाइड्रो जैसे प्रमुख क्षेत्रों में लोगों को प्रमाणित कर अपनी कौशल पहल का विस्तार करने में मदद करेगी, जो भारत के तेजी से विकसित हो रहे हरित ऊर्जा क्षेत्र के अनुरूप हैं।

कंपनी इसे सुविधाजनक बनाने के लिए अपने प्रशिक्षण बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए तैयार है, जिससे देश भर में उद्योग के अनुरूप कौशल कार्यक्रमों तक अधिक पहुंच सुनिश्चित हो सके। टीपीएसडीआई ने अब तक तीन लाख से अधिक लोगों को प्रशिक्षित किया है और अब वह अपने स्वामित्व वाले या पूरी तरह से प्रबंधित परिसरों में अपनी स्वीकृत या अपनाई गई योग्यताओं के लिए सीधे उद्योग-मान्यता प्राप्त प्रमाणपत्र प्रदान कर सकेगा। यह मान्यता टीपीएसडीआई-प्रमाणित पेशेवरों की विश्वसनीयता और रोजगार क्षमता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगी, जिससे भविष्य के लिए भारत के हरित कार्यबल को मजबूती मिलेगी।

भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) के तहत राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी) व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण के लिए राष्ट्रीय नियामक के रूप में काम करती है। यह देश भर में मानक निर्धारित करने, नियम बनाने और कौशल संबंधी पहलों की गुणवत्ता और प्रभाव को बढ़ाने के लिए जिम्मेदार है। एनसीवीईटी पुरस्कार देने वाली संस्थाओं और मूल्यांकन एजेंसियों को मान्यता प्रदान करती है और इनका विनियमन करती है, जिससे उद्योग की उभरती मांगों को पूरा करने के लिए बेहद दक्ष कार्यबल का विकास सुनिश्चित होता है। टाटा पावर के सीएचआरओ और सस्टेनेबिलिटी एवं सीएसआर प्रमुख, श्री हिमाल तिवारी ने इस अवसर पर कहाः ह्लटाटा पावर का एनसीवीईटी के तहत पुरस्कार देने वाली संस्था बनना, कार्यबल में आमूल बदलाव की दिशा में कंपनी की यात्रा के लिहाज से निर्णायक क्षण है। हम इस सम्मान के साथ अपने 11 केंद्रों के जरिये पेशेवरों को कौशल तथा प्रमाणन प्रदान करने के लिए तैयार हैं।

**राज-काज**

### शेयर बाजार में हाहाकार के बीच उछला यह जूलरी स्टॉक

**नई दिल्ली।** नए फाइनेंशियल ईयर के पहले दिन शेयर बाजार में काफी गिरावट देखी जा रही है। लेकिन इस गिरावट के बीच तमिलनाडु की कंपनी के शेयरों में भारी गिरावट आई है। इसकी वजह यह है कि कंपनी के प्रमोटरों ने गिरवी रखे सारे शेयर छुड़ा लिए। इससे शेयर की कीमत 2% से ज्यादा बढ़ गई। बीएसई पर कारोबार के दौरान शेयर की कीमत 2,054.35 तक पहुंच गई। यह स्मॉल-कैप स्टॉक एक साल में 59% बढ़ा है जबकि दो साल में इसने 315% का मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। पिछले पांच साल के आंकड़े देखें तो इसके शेयर 1,750% तक बढ़ गए हैं। पिछले दस साल में यह मल्टीबैगर स्टॉक 2,000% से ज्यादा बढ़ गया है। यह कंपनी रिटेल जूलरी चेन चलाती है और राज्य के कई शहरों में स्टोर चलाती है।

**रोजाना गंवा रहे रुपए 10,000 करोड़**

# एलन मस्क का ट्रिलियनेयर बनने का सपना चकनाचूर!

**नई दिल्ली:** दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क के लिए यह साल अच्छा नहीं रहा है। साल के पहले तीन महीने में वह 116 अरब डॉलर गंवा चुके हैं। इस तरह उन्होंने रोजाना करीब 1.2 अरब डॉलर यानी करीब 10,000 करोड़ रुपये गंवाए हैं। मस्क इस साल सबसे ज्यादा नेटवर्थ गंवाने वाले अरबपति हैं। सोमवार को टेस्ला के शेयरों में 1.67% गिरावट आई। इससे मस्क की नेटवर्थ में 13.9 अरब डॉलर गिर गई।

ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक उनकी नेटवर्थ अब 316 अरब डॉलर रह गई है। जिस तरह हाल के वर्षों में उनकी नेटवर्थ बढ़ी थी उससे माना जा रहा था कि वह 2027 तक दुनिया के पहले ट्रिलियनेयर बन सकते हैं। लेकिन हाल में जिस तरह से उनकी नेटवर्थ में गिरावट आई है, उससे उनका ट्रिलियनेयर बनने का सपना लंबा खिंच सकता है।वैसे दुनिया के टॉप 20 अरबपतियों की लिस्ट पर नजर डालें तो 14 की नेटवर्थ में गिरावट आई है। केवल वॉरेन बफे, बिल गेट्स, मुकेश अंबानी, कार्लोस स्लिम, फांसुआ बेटनकोर्ट मायज और जूलिया फ्लेशर कोच की नेटवर्थ में तेजी आई है। अमेरिका के जाने माने इन्वेस्टर बफे की नेटवर्थ में इस साल सबसे ज्यादा 24.3 अरब डॉलर की तेजी आई है।

वह 166 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में छठे नंबर पर हैं। गेट्स की नेटवर्थ 2.03 अरब डॉलर, अंबानी की 84.7 करोड़ डॉलर, स्लिम की 1.4 अरब डॉलर, मायज की 3.28 अरब डॉलर और कोच की 2.59 अरब डॉलर बढ़ी है।दूसरी ओर सबसे ज्यादा नेटवर्थ गंवाने में मस्क के बाद लैरी एलिसन दूसरे नंबर पर हैं। उनकी नेटवर्थ में इस साल 30.3 अरब डॉलर की गिरावट आई है।

लैरी पेज ने 27.2 अरब डॉलर, जेफ बेजोस ने 27.1 अरब डॉलर, सर्गेई ब्रिन ने 25.4 अरब डॉलर, माइकल डेल ने 24.5 अरब डॉलर, एनवीडिया के सीईओ जेंसन हुआंग ने 19.2 अरब डॉलर, स्टीव बालमर ने 14.5 अरब डॉलर, बर्नार्ड आरनॉल्ट ने 9.20 अरब डॉलर गंवाए है। दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 21वें नंबर पर मौजूद गौतम अडानी ने 4.60 अरब डॉलर गंवाए हैं।

# नए वित्त वर्ष के पहले दिन निवेशकों को 3.43 लाख करोड़ का फटका

**नई दिल्लीः** घरेलू शेयर बाजार में नए फाइनेंशियल ईयर के पहले दिन आज भारी गिरावट रही। बीएसई सेंसेक्स 1391 अंक यानी 1.8% की गिरावट के साथ 76,024 अंक पर बंद हुआ जबकि निफ्टी 50 इंडेक्स 354 अंक यानी 1.5 अंक नीचे 23,165 अंक पर आ गया। इस गिरावट से बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 3.43 लाख करोड़ रुपये गिरकर 409.44 लाख करोड़ रुपये रह गया। डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से आने वाले टैरिफ (टैक्स) को लेकर बाजार में चिंता है। सेंसेक्स में इन्फोसिस, ळउर और लउछ टेक जैसी क्ळ कंपनियों के शेयर लाल निशान में थे।

साथ ही बजाज फाइनेंस, लऊ्रछ बैंक, बजाज फिनसर्व और टाइटन में भी गिरावट आई। हालांकि, कुछ कंपनियों के शेयरों में तेजी आई। इनमें इंडसइंड बैंक, ट&ट, पावर ग्रिड, भारती एयरटेल और ठळढउ शामिल हैं।इस बीच सरकारी कंपनी लअछ का शेयर शुरूआती कारोबार में 7% से अधिक चढ़ गया। कंपनी को रक्षा मंत्रालय से 62,700 करोड़ रुपये की डील मिली है।

कॉन्ट्रैक्ट के मुताबिक कंपनी एयरफोस और नेवी के लिए 156 लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर प्रचंड बनाएगी। बीएसई पर कंपनी का शेयर 7.5 फीसदी तेजी के साथ 4492.80 रुपये तक गया। साथ ही लइछ एल्ल्रॅल्लीीश्ल्लॅ के शेयरों में भी 9.2% तेजी आई। कंपनी को कवच सिस्टम के लिए सेंट्रल रेलवे से 762.56 करोड़ रुपये का कॉन्ट्रैक्ट मिला है।देश की तीसरी बड़ी टेलिकॉम कंपनी वोडाफोन आइडिया के शेयर भी शुरूआती कारोबार में 10 फीसदी के अपर सर्किट पर पहुंच गए। बीएसई पर यह 10 फीसदी तेजी के साथ 7.49 रुपये पर पहुंच गया। सरकार के कंपनी के 36,950 करोड़ रुपये के स्पेक्ट्रम बकाये को इक्विटी में बदल दिया है।




ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) के सदस्य आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में वक्फ (संशोधन) विधेयक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए।

## 'राष्ट्रसमर्था देवी अहिल्या की पुण्य गाथा' नाटक का मंचन

# अहिल्याबाई के जनकल्याण-सुशासन के कार्य प्रेरणादायक : सीएम

**संवाददाता ● भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई ने 300 वर्ष पहले जनकल्याण के जो काम किये और सभी संकटों को पार कर सुशासन के प्रतिमान स्थापित किए हैं, वे आज हम सब के लिए प्रेरणादायक हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को लोकमाता देवी अहिल्या की नगरी खरगोन जिले के महेश्वर में विश्व मांगल्य सभा द्वारा 'राष्ट्रसमर्था देवी अहिल्याबाई की पुण्य गाथा' नाटक के मंचन अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आयुषी जैन द्वारा देवी अहिल्या बाई की जीवनगाथा पर लिखी गई पुस्तक का विमोचन भी किया।

**मंचन**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देवी अहिल्या बाई ने होल्कर साम्राज्य के साथ ही सम्पूर्ण देश में जन-कल्याण के कार्य किए हैं। मुगल काल में सनातन संस्कृति को नष्ट करने का काम किया गया, लेकिन नर्मदा पुत्री देवी अहिल्याबाई ने सनातन संस्कृति की रक्षा का काम किया। उन्होंने सोमनाथ, काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग मंदिरों की पुनर्स्थापना को बनाने का कार्य किया है। देवी अहिल्या ने देश भर में नदी घाटों का निर्माण कराया, गरीबों की दिल खोलकर मदद की, रोजगार के लिए महेश्वरी साड़ियों का निर्माण कराया, व्यापार को प्रोत्साहन दिया, किसानों की मदद की और न्याय एवं सुशासन के अनेकों कीर्तिमान स्थापित किए हैं। इतिहास माता अहिल्या के विविध प्रसंगों से भरा हुआ है।

मुख्यमंत्री डॉ। यादव ने कहा कि माता अहिल्या बाई के कार्यों से प्रेरणा लेकर हमारी सरकार ने पहला दशहरा महेश्वर में मनाया और केबिनेट की बैठक भी महेश्वर में आयोजित की है। प्रदेश की सशस्त्र वाहिनी क्रमांक 01 को अहिल्या माता का नाम दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ। यादव ने महेश्वर में देवी अहिल्या की जीवनगाथा पर नाटक मंचन के लिए विश्व मांगल्य सभा की सराहना की। मुख्यमंत्री डॉ। यादव ने अतिथियों के साथ सम्पूर्ण नाटक का मंचन देखा।




### नाटक का मंचन भी हो रहा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई की 300 जन्म जयंती के अवसर पर महेश्वर में नाटक का मंचन किया जा रहा है। यह नाटक अहिल्याबाई के कार्यों से आमजन को राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देगा। देवी अहिल्या ने मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया है। हमारे देश में देवी अहिल्या, रानी लक्ष्मीबाई, रानी दुर्गावती, रानी चैनम्मा जैसी नारी शक्ति ने शासक के रुप में इस धरती का संचालन किया है। यह हमारे लिए गर्व और प्रेरणा का आदर्श है। इस अवसर पर केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर, मध्यप्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, होल्कर स्टेट के युवराज श्री यशवंत राव होल्कर, विश्व मांगल्य सभा की अध्यक्ष रेखा खंडेलवाल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ। वृषाली जोशी, विश्व मांगल्य सभा मध्यप्रदेश की अध्यक्ष सूरज डामोर, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, डॉ। सुमेर सिंह सोलंकी, विधायक राजकुमार मेव, बालकृष्ण पाटीदार, सचिन बिरला सहित अधिकारी और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

## शॉट न्यूज

### मर्डर के बाद शव को टायरों के नीचे रखकर जलाया...

**बैतूल**। मध्य प्रदेश के बैतूल में पुलिस ने एक अंधे कत्ल का खुलासा किया है। एक साल पहले हुई मारपीट की घटना का वीडियो वायरल होने से आहत आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर पीड़ित की हत्या कर दी और शव को जला दिया। पुलिस ने जली हुई खोपड़ी का डीएनए टेस्ट कर मृतक की शिनाख्त की और 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शाहपुर थाना इलाके में 10 दिसंबर 2024 को वन विभाग ने पुलिस को सूचना दी कि अर्जुनगोंदी जंगल में जठान देव मंदिर के पास एक नाले में जली हुई मानव खोपड़ी मिली है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जांच में पाया गया कि अज्ञात मृतक के शव को टायर और लकड़ियों की मदद से पूरी तरह जलाया गया था। घटनास्थल से एक जली हुई खोपड़ी, हड्डियों के कुछ अवशेष और एक स्टील का कड़ा बरामद हुआ।

### युवती ने सल्फास की गोलियां खाईं

**भोपाल**। सूखी सेवनिया इलाके में रहने वाली युवती की सल्फास की गोलियां खाने से मौत हो गई। घटना सोमवार की है, इलाज के दौरान मंगलवार को उसकी जान चली गई। परिजनों ने पुलिस को बताया कि गलती से युवती ने गोलियां खाई थीं। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। सूखी सेवनिया पुलिस ने बताया कि 18 वर्षीय नेहा कुशवाहा बरखेड़ा अब्दुल्ला गांव में रहती थी। आठवीं कक्षा पास करने के बाद उसने पढ़ाई छोड़ दी थी। सोमवार को घर में गेहूं के बोरे आए थे। उसके पिता गेहूं में सल्फास की गोलियां रख रहे थे। इस दौरान नेहा भी इसी कमरे में थी। कुछ देर बाद ही पिता कमरे से बाहर चले गए।

### भोपाल में राज श्री ज्वैलरी शॉप पर चोरी का वीडियो

**भोपाल**। भोपाल के मालवीय नगर में राज श्री ज्वैलर्स शोरूम से ग्राहक बनकर आई दो महिलाओं ने लाखों रुपए के जेवरात चोरी कर लिए। उनके साथ एक मासूम बच्चा भी था। घटना के सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए हैं। अरेरा हिल्स पुलिस ने अज्ञात महिलाओं पर एफआईआर दर्ज कर ली है। मामले की जांच की जा रही है। अरेरा हिल्स थाना पुलिस के मुताबिक रोशनपुरा चौराहे के नजदीक राज श्री ज्वैलर्स शो रूम है। 28 मार्च को दुकान में दो महिलाएं आई, उनके साथ एक बच्चा भी था। उन्होंने सोने की चूड़ी दिखाने के लिए बोला। दुकान पर मौजूद सेल्स मेन राजेश अग्रवाल ने उन्हें कई तरह की चूड़ियां दिखाई। करीब आधा घंटा तक उन्होंने सामान देखा। आधे घंटे बाद माल पसंद ना आने का बोलकर दोनों महिलाएं चली गई। इसी दौरान उसे अहसास हुआ कि सोने की एक चूड़ी का सेट नहीं हैं। सीसीटीवी कैमरे चैक किए तो वह महिला जेवरात चोरी करते हुए दिखाई दी।

# एमपी के धार्मिक शहरों में आज से शराबबंदी

## मंत्री सारंग बोले - अगर कमलनाथ सरकार 5 साल चलती तो घर-घर और पान की दुकानों में मिलती शराब

**संवाददाता ● भोपाल**

मध्यप्रदेश के धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व वाले शहरों में आज से शराबबंदी लागू कर दी गई है। इस फैसले को लेकर राज्य सरकार के सहकारिता और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि ये शहर देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं के आस्था केंद्र हैं, जहां लोग पूरी श्रद्धा के साथ धार्मिक अनुष्ठान करने आते हैं। ऐसे में वहां शराब बिक्री पर रोक लगाना संस्कृति और परंपरा के सम्मान का प्रतीक है। हमने एक कदम आगे बढ़ाया, कांग्रेस नकारात्मकता फैला रही मंत्री सारंग ने कहा कि शराबबंदी की यह पहल धार्मिक नगरियों की पवित्रता बनाए रखने के लिए की गई है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, 'कमलनाथ सरकार के समय घर-घर शराब बांटने की योजना बनी थी। अगर उनकी सरकार 5 साल चलती, तो घर-घर और पान की दुकानों पर शराब बिकती। हमने तो शराबबंदी की दिशा में एक ठोस कदम उठाया है, जिसका स्वागत होना चाहिए।' उन्होंने कांग्रेस पर शराबबंदी को लेकर नकारात्मकता फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष को यह बताना चाहिए कि कमलनाथ सरकार के दौरान घर-घर शराब बांटने की योजना क्यों बनाई गई थी।

**प्रतिबंध**

### धार्मिक शहरों की पवित्रता होगी बरकरार

सरकार के इस फैसले से धार्मिक शहरों में आस्था और आध्यात्मिक वातावरण बना रहेगा। यह निर्णय श्रद्धालुओं की भावनाओं का सम्मान करने और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित रखने के लिए लिया गया है। मध्यप्रदेश सरकार ने धार्मिक पर्यटन स्थलों को और अधिक पवित्र और अनुकूल बनाने के लिए यह बड़ा कदम उठाया है, जिससे प्रदेश की छवि एक संस्कृति-संरक्षक राज्य के रुप में और मजबूत होगी। जानकारी अनुसार मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में लगातार आग लगने की कई बड़ी घटनाएं सामने आती रहती हैं। कई बार हमने देखा है कि एक छोटी सी आग बड़ी आग में तब्दील हो गई। इसकी पड़ताल में सामने आया कि भोपाल में फायर ब्रिगेड कर्मचारियों को कई वर्षों से ट्रेनिंग ही नहीं मिली हैच। आज का दौर आधुनिक दौर है। विदेशों में कई आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल आग बुझाने में किया जा रहा है। कई वर्षों से फायर डिपार्टमेंट में काम कर रहे फायरमैन से हमने बातचीत की। उन्होंने कहा कि इतने साल हो गए, जो डिप्लोमा किया था, उसी के आधार पर काम करते हैं। कई बार बड़ी-बड़ी बिल्डिंग में आग लगी, मंत्रालय में आग लगी। आग बुझाने में काफी समय लगा। अगर हमें नई तकनीक या मशीन चलाना आता तो आग जल्दी बुझ सकती थी।



### एनएचडीसी द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में रिकॉर्ड विद्युत उत्पादन किया

**भोपाल**। एनएचडीसी द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में समझौता ज्ञापन (एमओयू) में उत्कृष्ट रेटिंग के तहत 4900 मिलियन यूनिट के विद्युत उत्पादन लक्ष्य के मुकाबले 5575.02 मिलियन यूनिट का कुल वास्तविक विद्युत उत्पादन सफलतापूर्वक हासिल किया गया है, जोकि वित्तीय वर्ष 2023-24 के वास्तविक विद्युत उत्पादन से 24.63% अधिक रहा है । एनएचडीसी द्वारा यह रिकॉर्ड विद्युत उत्पादन, कंपनी की स्थापना के बाद से दूसरा सबसे अधिक विद्युत उत्पादन भी है । एनएचडीसी के 08 मेगावाट सांची सोलर प्लांट ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में क्षमता उपयोग कारक (सीयूएफ) 21.42% के साथ 15.021 मिलियन यूनिट के सौर ऊर्जा उत्पादन का उत्कृष्ट लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल किया है । इसी तरह एनएचडीसी के 88 मेगावाट ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर प्लांट जिसकी दिनांक 29.10.2024 को सफलतापूर्वक कमिशिंग हुआ था, ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 96.412 मिलियन यूनिट सौर ऊर्जा का उत्पादन किया है । इस अवसर पर एनएचडीसी के प्रबंध निदेशक श्री राजीव जैन ने कंपनी के अधिकारियो व कर्मचारियों को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई दी । यह असाधारण रिकॉर्ड विद्युत उत्पादन कार्मिको की कर्मठता एवं मशीनों के उत्कृष्ट स्थिति में रखरखाव के कारण प्राप्त हो पाया है । श्री जैन ने मध्य प्रदेश शासन को भी धन्यवाद किया जिनके सहयोग से यह रिकॉर्ड विद्युत उत्पादन हासिल किया जा सका । इससे एनएचडीसी के सभी हितधारकों को लाभ हुआ है। एनएचडीसी लिमिटेड मध्य प्रदेश राज्य की अग्रणी विद्युत उत्पादन कंपनी है, जोकि एनएचपीसी लिमिटेड और मध्य प्रदेश सरकार का संयुक्त उपक्रम है । इस कंपनी की स्थापना वर्ष 2000 में हुई थी । वर्तमान में, एनएचडीसी लिमिटेड के दो जलविद्युत पावर स्टेशन- इंदिरा सागर पावर स्टेशन (1000 मेगावाट) और ओंकारेश्वर पावर स्टेशन (520 मेगावाट) मध्य प्रदेश राज्य के खंडवा जिले में संचालित हैं ।

### हादसे में एक दर्जन से अधिक घायल भी

# गेहूं काट रहे किसानों पर मधुमक्खियों का हमला, एक व्यक्ति की मौत



**संवाददाता ● भोपाल**

मध्य प्रदेश डिंडोरी जिले के शहपुरा थाना क्षेत्र के बिलगांव गांव में एक दर्दनाक हादसा हुआ। खेत में फसल काटने गए ग्रामीणों पर मधुमक्खियों के झुंड ने अचानक हमला कर दिया, जिससे एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 13 अन्य लोग घायल हो गए। इनमें से पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों का डिंडोरी सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार, देवरी कला गांव के रहने वाले फगुआ धुर्वे अपने साथियों के साथ शहपुरा थाना क्षेत्र के बिलगांव गांव आए हुए थे। यहां वह दो दिनों से गेहूं के खेत की कटाई कर रहे थे। गुरुवार को जब ये लोग खेत की कटाई कर रहे थे, तभी साथ में आईं कुछ महिलाएं खेत के किनारे पेड़ के नीचे खाना बनाने लगीं। आग से उठे धुएं के कारण पास के पेड़ पर मौजूद मधुमक्खियों का झुंड आक्रामक हो गया। मधुमक्खियों ने महिलाओं और गेहूं काट रहे लोगों पर हमला बोल दिया। किसी तरह कुछ लोगों ने भागकर अपनी जान बचा ली। हमले के दौरान, जिसको जो मिला सभी ने अपने आप को छुपा लिया, लेकिन कुछ लोग मधुमक्खियों में घेरे में आ गए। मधुमक्खियों ने बुरी तरह काटा, जिससे फगुआ धुर्वे की मौत हो गई, जबकि अन्य 13 लोग घायल हो गए, जिसमें पांच लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

**हमला**

### पुलिस ने घायलों को अस्पताल में कराया भर्ती

घटना की सूचना मिलते ही शहपुरा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद शहपुरा अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पांच की हालत नाजुक बताई जा रही है। बचाने के दौरान कुछ पुलिसकर्मियों को भी मधुमक्खिओ ने भी अपना शिकार बना लिया। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। हर साल बड़ी संख्या में मजदूर अन्य इलाकों में फसल कटाई के लिए पलायन करते हैं, लेकिन इस तरह के हादसे उनकी सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े करते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि खेतों में मौजूद मधुमक्खियों के छत्तों को हटाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

### होल्डिंग कंपनी करेगी संचालन, जिले में भी बनेगी सलाहाकार समिति

# मोहन कैबिनेट में सुगम परिवहन सेवा को मंजूरी

**संवाददाता ● भोपाल**

मोहन यादव कैबिनेट ने आज मुख्यमंत्री सुगम बस परिवहन सेवा को मंजूरी दे दी है। राज्य सरकार ने तय किया है कि सुगम परिवहन सेवा शुरू की जाएगी और बसों का संचालन शुरू किया जाएगा। बस ऑपरेटर्स को इंगेज किया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी प्रकार के नुकसान की संभावना न हो। एक होल्डिंग कंपनी बनाई जाएगी, जो पीपी मॉडल पर बसों का संचालन करेगी और उसका नियंत्रण होगा। कंपनी गठन के लिए 101 करोड़ रुपए दिए गए हैं, इसके बाद आगे राशि का इंतजाम किया जाएगा। कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के माध्यम से दूरस्थ इलाकों में आने-जाने की सुविधा मिलेगी। अब टिकट के बिना बस में कोई नहीं बैठेगा। टिकट काटने वाली एजेंसी अलग होगी और यह काम सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाएगा।

**बैठक**



#### जिले में भी होगी सलाहकार समिति

मंत्री विजयवर्गीय ने बताया कि जिले में भी सलाहकार समिति होगी, जिसमें मंत्री, कलेक्टर और अन्य जनप्रतिनिधि शामिल रहेंगे, जो समय-समय पर होल्डिंग कंपनी को सलाह देंगे। बस संचालकों को नुकसान न हो, इसका भी ध्यान रखा जाएगा। सवारी के साथ बस का उपयोग माल परिवहन के लिए भी कार्गो सिस्टम पर आधारित होगा।

### यात्रा मांग को पूरा करने के लिए विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर अनारक्षित विशेष ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया

# भोपाल मंडल से गुजरेगी अनारक्षित समर स्पेशल ट्रेनें

**संवाददाता ● भोपाल**

रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा ग्रीष्मकालीन के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर अनारक्षित विशेष ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। यह स्पेशल ट्रेनें भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन से होकर गुजरेगी। इन स्पेशल ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार है।

**सेवा**

#### अनारक्षित विशेष ट्रेन सेवा

**01)** एलटीटी-दानापुर-एलटीटी साप्ताहिक अनारक्षित विशेष (24 सेवा)

01155 साप्ताहिक अनारक्षित विशेष दिनांक 11.04.2025 से 27.06.2025 तक प्रत्येक शुक्रवार को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 10.30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 18.00 बजे दानापुर पहुंचेगी। (12 सेवाएं)

01156 साप्ताहिक अनारक्षित विशेष दिनांक 12.04.2025 से 28.06.2025 तक प्रत्येक शनिवार को 20.00 बजे दानापुर से रवाना होगी और तीसरे दिन 04.50 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी।(12 सेवाएं)

**ठहराव**: ठाणे, कल्याण, नासिक रोड, भुसावल, इटारसी, जबलपुर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर और आरा।

**संरचना**: 20 सामान्य द्वितीय श्रेणी और 2 द्वितीय श्रेणी-सह-गार्ड ब्रेक वैन।

**02)** एलटीटी-मऊ-एलटीटी साप्ताहिक अनारक्षित विशेष (24 सेवा)

01079 साप्ताहिक अनारक्षित विशेष दिनांक 07.04.2025 से 23.06.2025 तक प्रत्येक सोमवार को 22.55 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 11.00 बजे मऊ पहुंचेगी। (12 सेवाएं)

01080 साप्ताहिक अनारक्षित विशेष दिनांक 09.04.2025 से 25.06.2025 तक प्रत्येक बुधवार को 13.00 बजे मऊ से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 00.40 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी। (12 सेवाएं)

**हॉल्ट**: ठाणे, कल्याण, नासिक रोड, जलगांव, भुसावल, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, वाराणसी जंक्शन, जौनपुर जंक्शन और औंरिहार।

**संरचना**: 20 सामान्य द्वितीय श्रेणी और 2 द्वितीय श्रेणी-सह-गार्ड की ब्रेक वैन।

**03)** पुणे-दानापुर-पुणे साप्ताहिक अनारक्षित विशेष (24 सेवा)

01105 साप्ताहिक अनारक्षित विशेष दिनांक 08.04.2025 से 24.06.2025 तक प्रत्येक मंगलवार को 19.55 बजे पुणे से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 06.00 बजे दानापुर पहुंचेगी। (12 सेवाएं)

01106 साप्ताहिक अनारक्षित विशेष दिनांक 10.04.2025 से 26.06.2025 तक प्रत्येक गुरुवार को 08.30 बजे दानापुर से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 17.35 बजे पुणे पहुंचेगी। (12 सेवाएं)

**ठहराव**: दौंड कॉर्ड केबिन, अहमदनगर, कोपरगांव, मनमाड, भुसावल, खंडवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर और आरा।

**संरचना**: 16 सामान्य द्वितीय श्रेणी और 2 द्वितीय श्रेणी-सह-गार्ड ब्रेक वैन।

**04)** पुणे–गाजीपुर सिटी–पुणे साप्ताहिक अनारक्षित विशेष (26 सेवा) 01415 साप्ताहिक अनारक्षित विशेष दिनांक 05.04.2025 से 28.06.2025 तक प्रत्येक शनिवार को 06:40 बजे पुणे से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 20.15 बजे गाजीपुर सिटी पहुंचेगी (13 सेवाएं)।

01416 साप्ताहिक अनारक्षित विशेष दिनांक 07.04.2025 से 30.06.2025 तक प्रत्येक सोमवार को 04:20 बजे गाजीपुर सिटी से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 17.50 बजे पुणे पहुंचेगी (13 सेवाएं)।

**ठहराव**: दौंड कॉर्ड केबिन, अहमदनगर, मनमाड, जलगांव, भुसावल, खंडवा, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदन महल, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, वाराणसी, जौनपुर और औंरिहार जंक्शन।

**संरचना**: 16 सामान्य द्वितीय श्रेणी और 2 द्वितीय श्रेणी-सह-गार्डस ब्रेक वैन।

रेल यात्रियों से अनुरोध है कि अनारक्षित विशेष ट्रेन की विस्तृत जानकारी रेलवे स्टेशन, रेल मदद 139 एवं ऑनलाइन वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं।

### "इश्क जबरिया" फेम आदित्य स्याल का खुलासा

## अमिताभ और फरहान की नकल से शुरू हुआ मेरा अभिनय सफर!

कुछ लोग अपने जुनून को संयोगवश खोज लेते हैं, जबकि कुछ लोग इसीके के लिए जन्म लेते हैं जैसे आदित्य स्याल! सन नियो के शो 'इश्क़ जबरिया' में व्योम की भूमिका निभा रहे आदित्य ने अपना अभिनय सफर किसी टीवी सेट पर कदम रखने से बहुत पहले शुरू कर दिया था। हाल ही में आदित्य स्याल से हुई एक ख़ास बातचीत में उन्होंने अपने अभिनय सफर, व्योम के किरदार अन्य सवालों पर खुलकर बात की।



अपने परिवार के कलात्मक प्रभाव के बारे में बात करते हुए आदित्य ने कहा, 'मेरे पिता नैनीताल में थिएटर से जुड़े थे और उन्होंने निर्मल पांडे और इदरीस मलिक जैसे प्रतिष्ठित एनएसडी कलाकारों के साथ काम किया था। इसलिए मैं एक क्रिएटिव माहौल में बड़ा हुआ। बचपन से ही मैं वॉयस ओवर करता था, प्रसिद्ध अभिनेताओं की नकल उतारता था, उनकी आवाज़ पकड़ता था और अपने आसपास के लोगों को बारीकी से देखता था। कभी मैं अमिताभ बच्चन की नकल करता, कभी फरहान अख्तर की, तो कभी अपने शिक्षकों और दोस्तों की। मेरा सफर लोगों की नक़ल उतारने से शुरू हुआ, लेकिन धीरे-धीरे मैं अभिनय को लेकर गंभीर हो गया।' अपने जुनून को पहचानने वाले शुरुआती पलों को याद करते हुए आदित्य ने एक बचपन की याद साझा करते हुए बताया, 'जब मैं पांचवीं कक्षा में था, तो छुट्टियों में मुंबई गया था। उस समय 'बूगी वूगी' शो बहुत फेमस था और मेरे पिता के एक दोस्त, जो उस शो के लेखक थे, उन्होंने मेरे चुलबुले स्वभाव को नोटिस किया। उन्होंने कहा, 'तुम्हारा बेटा बहुत शरारती है, मुझे लगता है कि इसे नाग पंचमी पर एक मज़ेदार पंचलाइन कहनी चाहिए, वह भी जावेद जाफरी और नवेद के साथ।' मैं बहुत खुश हो गया और तुरंत हां कह दिया! जब मैंने परफॉर्म किया, तो वह सीन एक ही टेक में पूरा हो गया। उस दिन मुझे एक अनोखी खुशी महसूस हुई, एक ऐसी चिंगारी, जिसने मेरे अभिनय के भविष्य की ओर इशारा किया।'

'इश्क़ जबरिया' के इस अभिनेता ने स्क्रीन पर होने की ताकत को महसूस करने का एक ख़ास पल भी साझा किया, कहा 'मुंबई में अपनी तीन महीने की सर्दियों की छुट्टियां बिताने के बाद जब मैं स्कूल लौटा, तो मेरे क्लासमेट्स ने कहा, 'अरे, हमने तुम्हें बूगी वूगी पर देखा था!' तभी मुझे समझ आया कि टीवी पर छोटी सी उपस्थिति भी अपना असर छोड़ सकती है। मैंने सोचा, 'अगर इतनी छोटी भूमिका इतनी बड़ी छाप छोड़ सकती है, तो कल्पना करो अगर मैं इसे गंभीरता से अपनाऊं, तो क्या हो सकता है।' सौभाग्य से, मेरे परिवार ने मुझे पूरा समर्थन दिया। मेरी माँ भी अंग्रेजी थिएटर से जुड़ीं थीं। उन्होंने एंटोन चेखव और शेक्सपियर के नाटकों में अभिनय किया था और मॉडलिंग का भी शौक रखती थीं। तो यह कहना गलत नहीं होगा कि कला और रचनात्मकता मेरे खून में थी।'

'इश्क़ जबरिया' शो जो हर रात 10:00 बजे सन नियो पर प्रसारित होता है में गुल्की नाम की एक महत्वाकांक्षी युवती की प्रेम कहानी बयां की गई है। इस शो में काम्या पंजाबी, दीप्ति नागपाल, सिद्धि शर्मा और लक्ष्य खुराना जैसे शानदार कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं, जो इस कहानी को गहराई और भावनात्मकता से भरते हैं। देखिए 'इश्क़ जबरिया' हर रात 10:00 बजे, सिर्फ सन नियो पर और व्योम की रोमांचक यात्रा का हिस्सा बनिए।

## जब करिश्मा पर भारी पड़ी मां बबीता कपूर की एक जिद, होने लगी थी ब्लीडिंग!



करिश्मा कपूर 90 के दशक की उन हीरोइनों में से थीं, जिन्होंने सलमान खान, शाहरुख खान और आमिर खान से लेकर बॉलीवुड के हर बड़े एक्टर-डायरेक्टर के साथ काम किया। उन दिनों करिश्मा बॉलीवुड की टॉप अभिनेत्रियों में से एक थीं। करिश्मा ने परिवार के खिलाफ जाकर एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था और उनके इस फैसले पर उनकी मां यानी बबीता कपूर ने उनका साथ दिया था। बबीता कपूर का करिश्मा के करियर में काफी अहम योगदान रहा है, क्योंकि उनकी पर्सनल लाइफ से रिलेटेड ही नहीं उनकी प्रोफेशनल लाइफ से संबंधित भी सभी फैसले करिश्मा ही लिया करती थीं। लेकिन, एक बार उनके एक फैसले के चलते करिश्मा के लिए मुश्किल खड़ी कर दी थी। पिंकविला के साथ बातचीत के दौरान कोरियोग्राफर गणेश आचार्य ने उस घटना का खुलासा किया जब बबीता कपूर के एक फैसले के चलते करिश्मा के पैरों से खून निकलने लगा था। गणेश आचार्य ने बताया कि कैसे करिश्मा कपूर की मां बबीता कपूर ने 'गोरिया चुरा ना मेरा जिया' की शूटिंग में बड़ा रोल निभाया और उनकी एक जिद के चलते करिश्मा घायल हो गईं। इस बारे में बात करते हुए गणेश आचार्य ने कहा- 'हां हां, गोरिया चुरा ना में वो घुटने का मूवमेंट, उसमें उनकी मम्मी का हाथ था बहुत बड़ा, बबीता जी का। वो गोविंदा जी का सोलो था, लेकिन बबीता जी आ के बोलीं कि 'ये सोलो क्यों कर रहा है?' मैंने कहा कि वो करिश्मा ने शॉर्ट पैंट पहनी है, घुटने का मूमेंट है। इस पर बबीता जी ने कहा- वो करेगी, क्यों नहीं करेगी। आप दिखाओ उसको, कराओ। अब उनसे इतना डर था कि मैंने असिस्टेंट से बोलकर करिश्मा को करा दिया और बेचारी वो खुद भी कुछ नहीं बोल पाईं। वो सेम शॉर्ट पैंट और वो घुटने पे।' गणेश आचार्य ने आगे बताया कि इस गाने की शूटिंग के चलते करिश्मा के घुटने छिल गए थे और खून निकलने लगा था। उन्होंने कहा- 'आप देखो गाने के बाद वो घटने छिल गए थे उनके। क्योंकि, गोविंदा जी ने तो पैंट में नी-पैड पहनी थी, उन्होंने कुछ भी नहीं पहना था। इसलिए आज करिश्मा कपूर, करिश्मा हैं। बहुत मेहनत की है उन्होंने और उसमें उनकी बबीता जी का बहुत बड़ा हाथ रहा है। दोनों में, करिश्मा और करीना दोनों के करियर में।' पिंकविला के साथ बातचीत के दौरान कोरियोग्राफर गणेश आचार्य ने उस घटना का खुलासा किया जब बबीता कपूर के एक फैसले के चलते करिश्मा के पैरों से खून निकलने लगा था।



## जब अनिल-संजय की जोड़ी को दर्शकों ने नकारा



संजय दत्त, अनिल कपूर और सुनील शेट्टी। ये तीनों ही स्टार बॉलीवुड इंडस्ट्री के सीनियर कलाकार हैं। तीनों फिल्म इंडस्ट्री में 3 दशक से ज्यादा समय से काम कर रहे हैं। अनिल और संजय को फिल्में करते हुए 40 साल से भी ज्यादा समय हो गया है जबकि सुनील शेट्टी 30 साल से ज्यादा समय से बॉलीवुड में एक्टिव हैं। संजय दत्त, सुनील और अनिल तीनों ही दिग्गजों ने कई शानदार फिल्मों से दर्शकों का मनोरंजन किया है। वहीं ये तिकड़ी बड़े पर्दे पर एक साथ भी नजर आ चुकी है। बात है आज से करीब 15 साल पहले की। लेकिन मेकर्स के लिए तीन-तीन दिग्गजों को एक फिल्म में लाने का दांव उल्टा पड़ गया था। क्योंकि तीनों की वो फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिर गई थी और अपने बजट तक को वो छू नहीं पाई थी। संजय दत्त, सुनील शेट्टी और अनिल कपूर की जिस फिल्म की हम आपसे चर्चा कर रहे हैं वो थी 'नो प्रॉब्लम'। फिल्म का नाम तो नो प्रॉब्लम था लेकिन इसने फ्लॉप होकर मेकर्स के लिए प्रॉब्लम क्रिएट कर दी थी। नो प्रॉब्लम 10 दिसंबर 2010 को रिलीज हुई थी। इसमें अक्षय खन्ना और परेश रावल जैसे कलाकारों ने भी काम किया था। इसमें संजय ने यश अंबानी और अक्षय ने राज अंबानी नाम का किरदार निभाया था। अनिल इंस्पेक्टर अर्जुन सिंह और सुनील मार्कोस के किरदार में थे। नो प्रॉब्लम में बड़े स्टार्स होने के चलते इसके अच्छे प्रदर्शन और शानदार कलेक्शन की उम्मीद थी लेकिन फिल्म जब सिनेमाघरों में आई तो फैंस और मेकर्स की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा। मेकर्स ने फिल्म पर 35 करोड़ रुपये का खर्च किया था। लेकिन ये अपना बजट भी नहीं निकाल पाई थी। नो प्रॉब्लम ने महज 27.92 करोड़ रुपये की कमाई की थी।

## क्यों ठुकराया रोहित शेट्टी का शो? 'बबिता जी' ने बताई वजह

'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' की फैशन क्वीन और जेठालाल के दिल की धड़कन बबिता जी उर्फ मुनमुन दत्ता ने हाल ही में रोहित शेट्टी के रियलिटी शो 'खतरों के खिलाडी' के ऑफर के बारे में बात की है। दरअसल मुनमुन दत्ता लंबे समय से सोनी सब टीवी के सीरियल में अहम किरदार निभाती हुई नजर आ रही हैं, जिसकी वजह से उनका एक बड़ा फैनबेस भी है। इंटरव्यू में मुनमुन दत्ता ने बताया कि उन्हें खतरों के खिलाड़ी के साथ कई रिएलिटी शोज के लिए अप्रोच किया गया है। कलर्स टीवी के एडवेंचर बेस रिएलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी' के बारे में जब एक्ट्रेस से पूछा गया तब उन्होंने बताया कि शो के मेकर्स हर साल उन्हें अप्रोच करते हैं। मुनमुन ने बताया कि रोहित शेट्टी के शो में भाग न लेने की असली वजह उनका डर रहा है। एक्ट्रेस ने कहा 'हर साल मुझे इस रिएलिटी शो में शामिल होने का ऑफर आता है। लेकिन मुझे हाइट से डर लगता है और मैं तैर भी नहीं सकती। साथ ही शो की शूटिंग अब्रॉड होती है, जिसकी वजह से मैं तारक मेहता के साथ खतरों का शेड्यूल मैनेज नहीं कर पाती। यही वजह है कि इस शो को लेकर बेहद उत्सुकता होने के बावजूद मैं इस शो में शामिल नहीं हो सकती। 'खतरों के खिलाड़ी 15' के फैंस उनके पसंदीदा शो का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं। शो के मेकर्स अभी कंटेस्टेंट्स की लिस्ट फाइनलाईज़ करने में बिजी हैं। उनकी तरफ से कई बड़े सेलिब्रिटीज को अप्रोच किया जा रहा है।

## 'खाकी' में रोल के लिए डायरेक्टर को खुद किया मैसेज

### चित्रांगदा सिंह बोलीं- पर्दे से दूर रहने पर दर्शक आपको भूल जाते हैं




अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह अपनी ब्यूटी और दमदार एक्टिंग के लिए जानी जाती हैं। वह हाल ही में नेटफ्लिक्स की वेब सीरीज 'खाकी: द बंगाल चैप्टर' में दिखी हैं। इसमें उन्होंने एक पॉलिटिशियन का किरदार निभाया है। सीरीज में उनके किरदार को काफी सराहा जा रहा है। 'खाकी: द बंगाल चैप्टर' की स्टोरी बहुत पसंद आई। मैंने इसका पहला पार्ट भी देखा हुआ है। यह एक इंटरेस्टिंग और रोमांचक कहानी है। मुझे अपने किरदार में काफी पॉसिबिलिटी दिखीं। साथ ही मैं डायरेक्टर नीरज पांडे के साथ भी काम करना चाहती थी। मैंने खुद उन्हें मैसेज किया था। करीब एक महीने के अंदर-अंदर उनका रिप्लाई आया। उन्होंने कहा कि मैं सीरीज को डायरेक्ट नहीं कर रहा हूं। बस शो रनर हूं। ओटीटी पर काम करना मेरे लिए एक नया एक्सपीरियंस था। ओटीटी पर काम करने में काफी मजा आया। यहां आर्टिस्ट्स को अपनी टैलेंट दिखाने के लिए काफी मौके मिलते हैं। उम्मीद है कि दर्शकों को 'खाकी: द बंगाल चैप्टर' पसंद आएगी। यह एक बेहतरीन सीरीज है, जिसमें सभी आर्टिस्ट्स ने शानदार काम किया है। सीरीज में पॉलिटिक्स, क्राइम और इमोशन सब कुछ का बैलेंस है। मेरे किरदार का इमोशनल ग्राफ ऐसा था कि मुझे लगा कि इसमें परफॉर्म करने के लिए चांस मिलेगा। ये उतना ग्लैमरस रोल तो है नहीं। रेफरेंस तो मेकर्स का बहुत क्लियर था। राइटिंग लेवल पर ही सब विधिवत डिटेल्स थीं। मेरा किरदार एक पॉलिटिशियन का है। जो पढ़ी-लिखी है और कॉलेज से ही राजनीति में एक्टिव है। ऐसा नहीं है कि कोई बहुत ही रूरल पॉलिटिकल लीडर है।

## मलाइका के घर अनजान लड़की, बैग में कैंची



बॉलीवुड में एक्टर्स के दीवाने फैंस होना आम बात है, लेकिन क्या हो जब कोई अजनबी बिना बताए आपके घर के अंदर पहुंच जाए? ऐसा ही कुछ मलाइका अरोड़ा के साथ हुआ। जब वह अचानक अपने लिविंग रूम में एक अनजान लड़की को बैठा देखकर हैरान रह गईं। सबसे डरावनी बात यह थी कि उसके बैग में एक कैंची भी थी। इस इंसिडेंट को मलाइका ने खुद साझा किया। मलाइका ने बताया, 'मैं ऊपर कमरे में तैयार हो रही थी। जब नीचे आई तो देखा कि एक लड़की मेरे लिविंग रूम में बैठी थी। मुझे समझ ही नहीं आया कि ये कौन है और यहां तक कैसे पहुंची। कोई अंदाजा नहीं था, कुछ पता नहीं था, बस वो बैठी थी।' आगे उन्होंने कहा, 'जब मैंने गौर किया, तो देखा कि उसके बैग में कैंची जैसी कोई चीज थी। मुझे सच में थोड़ा डर लगा। फिर समझ आया कि यह मेरी बहुत बड़ी फैन है, लेकिन तरीका कुछ अजीब था। मैंने खुद को शांत रखा और हालात को संभालने की कोशिश की।' फिल्मों से दूर रहने के बावजूद मलाइका लगातार सुर्खियों में बनी रहती हैं। वह रियलिटी शोज की पसंदीदा जज हैं और फिटनेस के फील्ड में भी बड़ी प्रेरणा मानी जाती हैं।

## न्यूज कॉलम

### कम्प्यूटर ऑपरेटर की बेरहमी से पिटाई, मौत

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र में बीती रात गेरसा धान खरीदी केंद्र के कम्प्यूटर ऑपरेटर की बेरहमी से पिटाई के बाद मौत हो गई. ग्रामीणों की मानें, तो यह मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ है. सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है. साथ ही प्रेम प्रसंग आधार पर एक संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है.जानकारी के अनुसार, कम्प्यूटर आपरेटर दया साहू से एक आरोपी का विवाद हो गया. देखते ही देखते विवाद बढ़ गया, जिसके बाद आरोपी ने दया को पीट-पीटकर लहुलूहान कर दिया. घटना के बाद तत्काल दया को सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ ले जाया गया, जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रायगढ़ मेडिकल कालेज रेफर किया गया. रायगढ़ ले जाते समय पीड़ित ने दम तोड़ दिया.सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, दया साहू का तराईमार गांव में किसी लड़की के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था. आशंका जताई जा रही है कि इसी वजह से आरोपी ने दया साहू की पीट-पीटकर हत्या कर दी है।

### हसदेव नदी में युवक की मिली लाश, 6 दिनों से था लापता

**कोरबा।** हसदेव नदी में आज सुबह 6 दिनों से लापता चल रहे युवक की लाश मिली है, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया. सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर युवक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और आगे की कार्रवाई में जुट गई है. आशंका जताई जा रही है कि युवक ने आत्महत्या की है.जानकारी के अनुसार, मृतक का नाम दीपक राठौर दीपका थाना क्षेत्र का निवासी था. वह बीते 6 दिनों से लापता था, जिसकी रिपोर्ट परिजनों ने पुलिस में की थी. युवक की लाश आज मोरगा चौकी के अंतर्गत अंबिकापुर-चोटिया ठल्र-130 मार्ग पर पुराने पुल पर मिली है. पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना देकर मामले की जांच में जुट गई है.दरअसल, कुछ दिन पहले हसदेव नदी के ऊपर लावारिश अवस्था में एक बाइक और जूता मिला था, जिससे दीपक राठौर के नदी में कूदकर जान देने की आशंका जताई जा रही है. फिलहाल पुलिस हर एंगल से मामले की जांच में जुट गई है।

### सरकारी राशन दुकान में चावल घोटाला



**रायपुर।** जिले के ग्राम पंचायत माना बस्ती से राशन चोरी करने का मामला सामने आया है. माना बस्ती के ग्रामीणों ने शासकीय उचित मूल्य राशन दुकान में संचालक पर तौल मशीन में सेटिंग कर आधा किलो प्रति व्यक्ति चावल कटौती करने का आरोप लगाया है. आज पंचायत के प्रतिनिधि और ग्रामवासियों ने मिलकर इस पूरे घोटाले का खुलासा किया. राशन दुकान में मौजूद कांटे में तौला गया 35 किलो चावल का वजन दूसरे कांटे में आधा किलो कम पाया गया. जिसके बाद ग्रामीण आक्रोशित हो उठे. शिकायत करने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राशन दुकान के तौल को जब्त करने की कार्रवाई की.मामले में आज पंचायत सभा में चर्चा कर सरपंच ने राशन दुकान को सील करने की कार्रवाई को लेकर थाने में लेटर भेजा. ग्रामीणों ने बताया कि सिर्फ चावल ही नहीं शक्कर के लिए भी हितग्राहियों से अतिरिक्त 3 रुपए लिए जाते है, जिसमें मात्रा एक किलो से कम होती है. सभी ने इस पूरे मामले की जांच की मांग की है.

# परीक्षा केंद्रों में शिक्षक खुलेआम करवा रहे नकल

## किताब और मोबाइल सामने रखकर स्टूडेंट्स लिख रहे आंसर

संवाददाता ● जगदलपुर

बस्तर जिले में एक बार फिर शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करने वाली तस्वीरें सामने आई है।नलपावंड और कोरटा प्राथमिक शालाओं में बोर्ड परीक्षा के दौरान खुलेआम नकल करवाई जा रही थी और इसमें कोई और नहीं बल्कि खुद शिक्षक ही शामिल थे। लल्लूराम डॉट कॉम की टीम ने जब इन स्कूलों का औचक निरीक्षण किया, तो जो तस्वीरें सामने आईं, वो चौंकाने वाली थीं। छात्र किताब और मोबाइल से देख-देखकर उत्तर पुस्तिका पर जवाब लिख रहे थे और शिक्षक उन्हें उत्तर मुहैया करा रहे थे।

बता दें कि शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के उद्देश्य से 15 वर्षों के बाद लागू की गई नई शिक्षा नीति के तहत अब कक्षा 5वीं और 8वीं के छात्रों को बोर्ड परीक्षा देनी अनिवार्य कर दी गई है। इस परीक्षा में यदि कोई छात्र असफल होता है, तो उसे दो महीने के भीतर पुनः परीक्षा देने का अवसर मिलेगा। साथ ही संबंधित स्कूल के शिक्षकों को उन असफल छात्रों को पुनः शिक्षित करना होगा, लेकिन यहां शिक्षक अपने स्कूल का परीक्षा परिणाम बेहतर दिखाने के लिए बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।जब लल्लूराम की टीम परीक्षा केंद्र पहुंची, हमने देखा कि सभी छात्र-छात्राएं किताब से उत्तर देख रहे थे, जो शिक्षिका ललिता कश्यप द्वारा उपलब्ध कराए गए थे। मीडिया टीम को देखते ही शिक्षिका छात्रों के पास से तुरंत अलग हट गई और नकल करवाने की बात से इनकार कर दिया। वहीं केंद्र प्रभारी कमला देवी ने भी किसी भी प्रकार की नकल करवाने से इनकार कर दिया। स्कूल के सभी शिक्षक भी इस मामले पर कोई ठोस प्रतिक्रिया देने



से बचते नजर आए।

नलपावंड प्राथमिक शाला में भी यही स्थिति देखने को मिली, जहाँ 8वीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्र एक साथ बैठकर मोबाइल से उत्तर लिख रहे थे। जैसे ही लल्लूराम की टीम पहुँची, बच्चे तुरंत कतार में बैठने लगे। परीक्षा ड्यूटी में तैनात एस. मलिक एक छात्र को उत्तर बताते हुए नजर आए। जब उनसे पूछा गया, ह्लआप चीटिंग क्यों करवा रहे हैं?ह्व तो उन्होंने इस बात से साफ इनकार कर दिया। परीक्षा केंद्र प्रभारी धनुर्जय बघेल ने भी नकल न करवाने की बात कही, लेकिन लल्लूराम डॉट कॉम के कैमरे में सब कुछ कैद हो चुका था।इस पूरे मामले में जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल ने कहा कि यदि कोई प्रमाण प्राप्त होते हैं, तो संबंधित शिक्षकों पर अवश्य कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि मीडिया के माध्यम से इस मामले की जानकारी प्राप्त हुई है और इस पर उचित कदम उठाए जाएंगे।

गौरतलब है कि परीक्षा में पारदर्शिता बनाए रखने और छात्रों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए सख्त कदम उठाना आवश्यक है। परीक्षा केंद्रों पर उड़नदस्तों की तैनाती, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी और धांधली करने वाले शिक्षकों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही जैसे उपाय तुरंत लागू किए जाने चाहिए। साथ ही, छात्रों को नैतिक शिक्षा देकर मेहनत के महत्व को समझाना और शिक्षकों को सटीक एवं प्रभावी शिक्षण पद्धति का प्रशिक्षण देना भी जरूरी है। बहरहाल, बस्तर से सामने आई यह तस्वीर शिक्षकों की भूमिका और शिक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। यही बच्चे जब 10वीं कक्षा की परीक्षा में बैठते हैं, तो असफल हो जाते हैं और आगे की पढ़ाई जारी नहीं रख पाते। ऐसे में सवाल उठना लाजमी है कि अगर शिक्षक ही नकल को बढ़ावा देंगे, तो छात्रों में मेहनत और ईमानदारी की भावना कैसे विकसित होगी? इस प्रकार की धांधली न केवल शिक्षा की गुणवत्ता को कमजोर करती है बल्कि आने वाली पीढ़ी के भविष्य को भी खतरे में डालती है। अब समय आ गया है कि प्रशासन सख्त कदम उठाए, दोषियों पर कार्रवाई करे और शिक्षा व्यवस्था को पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनाए। तभी हम एक बेहतर और योग्य समाज की नींव रख पाएंगे। अब देखना होगा की खुलेआम नकल करवाने का भंडाफोड़ होने के बाद शिक्षा विभाग इस मामले में क्या कार्रवाई करता है।

## गृहमंत्री अमित शाह का दो दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरा

# बस्तर पंडुम में होंगे शामिल, एंटी-नक्सल अभियान के ऑपरेशन कमांडरों के साथ करेंगे संवाद

संवाददाता ● रायपुर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह दो दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ आ रहे हैं. वे 4 अप्रैल की शाम राजधानी रायपुर पहुंचेंगे. इस दौरान वे राज्य के प्रमुख नेताओं और अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे. 5 अप्रैल को गृहमंत्री शाह बस्तर के दंतेवाड़ा जिले के दौरे पर रहेंगे, जहां वे बस्तर पंडुम महोत्सव के समापन कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे. यहां वे मां दंतेश्वरी के दर्शन करेंगे. इसके अलावा एंटी-नक्सल अभियान के ऑपरेशन कमांडरों के साथ संवाद भी करेंगे. जानिए अमित शाह का मिनट टू मिनट कार्यक्रम का पूरा शेड्यूल क्या है.

गृहमंत्री अमित शाह 4 अप्रैल को शाम 07:25 बजे नई दिल्ली से इरए विमान से प्रस्थान करेंगे. और 09:30 को रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे. यहां से सड़क मार्ग से रवाना होकर 09:50 बजे होटल मेफेयर रायपुर पहुंचेंगे, जहां रात्रि विश्राम करेंगे. 05 अप्रैल को 10:30 बजे होटल मेफेयर से रवाना होकर 10:45 बजे



रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे और इरत्रविमान से 10:50 बजे जगदलपुर के लिए रवाना होंगे. गृहमंत्री शाह 11:35 बजे मां दन्तेश्वरी एयरपोर्ट जगदलपुर पहुंचेंगे. 11:40 बजे जगदलपुर से इरत्रहेलिकॉप्टर से रवाना होकर 12:10 बजे हेलिपैड पुलिस लाइन, कार्ली, दंतेवाड़ा पहुंचेंगे. अमित शाह 12:15 बजे सड़क मार्ग से 12:20 बजे दन्तेश्वरी मंदिर पहुंचेंगे, जहां 12:20 बजे से 12:45 बजे तक दर्शन एवं पूजन करेंगे. 12:45 बजे दन्तेश्वरी मंदिर से प्रस्थान कर 12:50 बजे सर्किट हाउस दंतेवाड़ा पहुंचेंगे, जहां 12:50 बजे से 01:20 बजे का समय दोपहर का भोजन के लिए आरक्षित रहेगा. 01:25 बजे सड़क मार्ग से हाई स्कूल ग्राउंड दंतेवाडा पहुंचेंगे, जहां 01:30 बजे से 02:50 बजे तक बस्तर पंडुम के समापन कार्यक्रम में शामिल रहेंगे. यहां से 02:50 बजे प्रस्थान कर 03:00 बजे पुलिस लाइन कार्ली दंतेवाड़ा पहुंचेंगे, जहां 3 से साढ़े तीन बजे तक एंटी-नक्सल अभियान के ऑपरेशन कमांडरों के साथ संवाद करेंगे. गृहमंत्री शाह 03:35 बजे पुलिस लाइन, कार्ती, दंतेवाड़ा से सड़क मार्ग से प्रस्थान कर 03:37 बजे हेलिपैड पुलिस लाइन कार्ती दंतेवाड़ा पहुंचेगे, जहां इरत्र हेलिकॉप्टर से 03:40 बजे प्रस्थान कर 04:10 बजे जगदलपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे. यहां से 5 बजे रायपुर एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे और 05:20 बजे होटल मेफेयर, रायपुर पहुंचेंगे. यहां 05:20 बजे से 07:20 बजे तक विभागीय समीक्षा बैठक लेंगे. इसके बाद 07:50 बजे इरए विमान से रायपुर एयरपोर्ट से नई दिल्ली रवाना होंगे.

### 2 दिन से लापता 14 वर्षीय बालक का नदी किनारे मिला शव, हत्या की आशंका

**बलौदा बाजार।** बलौदाबाजार के लवन थाना क्षेत्र से 2 दिन से लापता 14 वर्षीय बालक का शव आज महानदी के किनारे डोंगरीडीह में मिला है. शव बरामद होने के बाद से इलाके मं सनसनी मच गई है. नाबालिग की मौत का कारण फिलहाल पता नहीं चल सका है. ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है. नाबालिक की हत्या की आशंका जताई जा रही है.बता दें, मृतक निरंजन घृतलहरे के परिजनों ने 2 दिन पहले ही उसकी गुमशूदगी की रिपोर्ट लवन थाना में दर्ज कराई थी. लेकिन उसके मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं. फिलहाल पुलिस इस मामले में हत्या की आशंका जता रही है और मामले में परिजनों और अन्य लोगों से पूछताछ कर रही है।

### चालक की लापरवाही से पलटी बस

**जशपुर.** बगीचा के ग्राम महनई के समीप सोमवार की शाम लगभग 5 बजे चालक की लापरवाही से तेज रफ्तार बस पलट गई. इस हादसे में 6 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं. घटना की सूचना मिलते ही सुलेसा पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां सभी का इलाज जारी है.बताया जा रहा है कि बस बगीचा से कुसमी जा रही थी, जिसमें लगभग 50 यात्री सवार थे. बस बगीचा थाना क्षेत्र के चौकी सुलेसा के ग्राम महनई के पास पलट गई. बताया जा रहा है कि बस चालक फोन पर बात कर रहा था और लापरवाही पूर्वक गाड़ी को चला रहा था, जिससे बस अनियंत्रित होकर पलट गई. इस हादसे में 6 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं. सभी घायलों को बगीचा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

# दबंगई और मारपीट से क्षुब्ध किसान ने की आत्महत्या

## कांग्रेस नेता के अलावा दो को पुलिस ने किया गिरफ्तार



संवाददाता ● बलौदाबाजार

नेता की दबंगई व मारपीट से क्षुब्ध होकर किसान ने जहर पीकर आत्महत्या कर लिया था. मामले में परिजनों की नामजद रिपोर्ट के बाद पुलिस ने कांग्रेस नेता विमल देवांगन सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है.मामला कसडोल थाना क्षेत्र के ग्राम कटगी का है, जहां कांग्रेस नेता विमल देवांगन ने अपने साथियों के साथ दबगंई करते हुए किसान चंद्रिका साहू से मारपीट की थी।

घटना से क्षुब्ध किसान ने तत्काल कीटनाशक का सेवन कर लिया था. घटना के तत्काल बाद बाद कसडोल अस्पताल ले जाया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई.मामले में किसान के परिजनों ने विमल देवांगन के साथ उसके साथियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी. मामले में कसडोल पुलिस ने आरोपी विमल देवांगन के साथ उसके अन्य दो साथियों को गिरफ्तार किया है. वहीं अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

# सतनामी समाज के युवक की पिटाई पर भीम आर्मी ने किया थाने का घेराव, इधर आरक्षक हुआ लाइन अटैच

संवाददाता ● रायपुर

सतनामी समाज के युवक की पुलिसकर्मी द्वारा की गई पिटाई के विरोध में भीम आर्मी ने पंडरी थाना का घेराव किया. इस बीच रायपुर एसएसपी लाल उमेद सिंह ने घटना में शामिल आरक्षक को लाइन अटैच कर दिया है।

होली त्योहार के दौरान सतनामी समाज के युवक की पुलिसकर्मी द्वारा की गई पिटाई के विरोध में बड़ी संख्या में लोग पंडरी थाना के सामने जुटे थे. इनमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं. विरोध-प्रदर्शन के



दौरान कोई अप्रिय स्थिति निर्मित न हो इसके लिए पुलिस बल के साथ मौके पर एडिशनल एसपी सिटी और ग्रामीण के साथ डीएसपी और टीआई तैनात थे.युवक की पिटाई का वीडियो वायरल होने के बाद रायपुर एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने कार्रवाई करते हुए पंडरी थाना में पदस्थ आरक्षक मनीष साहू को रायपुर रक्षित केंद्र में संबद्ध कर दिया है।

### हॉस्पिटल के कर्मचारियों से की मारपीट

कवर्धा. जिला हॉस्पिटल के कर्मचारियों से मारपीट करने का मामला सामने आया है. कर्मचारियों ने सिटी कोतवाली पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है. पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है. जानकारी के मुताबिक, हरीश साहू ने मामूली बात पर ब्लड बैंक के कर्मचारियों से मारपीट की. कर्मचारियों का आरोप है कि हरीश साहू 3 से 4 व्यक्तियों को लेकर ब्लड डोनेट कराने आया और हॉस्पिटल अंदर हल्ला करने लगे. कर्मचारियों ने मना किया और बाहर बैठने बोले. इस पर हरीश साहू आग बबूला हो गया और हॉस्पिटल के कर्मचारियों से मारपीट करने लगा.

# पुलिस रिमांड में आरोपी की मौत का मामला : थाना प्रभारी सन्नी दुबे लाइन अटैच, परिजनों के आरोप के बाद एसपी ने लिया एक्शन



धमतरी. छत्तीसगढ़ में धमतरी पुलिस की रिमांड में हुई आरोपी की मौत के मामले में थाना प्रभारी सन्नी दुबे पर निलंबन की गाज गिरी है. एसपी ने टीआई को लाइन अटैच कर दिया है. पुलिस ने करोड़ों की ठगी मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया था. मृतक के परिजनों ने जिला अस्पताल के बाहर हंगामा करते हुए पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए थे।

बता दें कि राजनांदगांव के भंवरमरा का निवासी दुर्गेश कठोलिया के खिलाफ अजुर्नी थाना में धोखधड़ी की शिकायत दर्ज की गई थी. शिकायतकताओं का आरोप था कि दुर्गेश ने किसानों से उंचे दामों पर धान खरीदी का झांसा दिया और पैसे नहीं लौटाए. जब किसानों ने अपना पैसा मांगा तो युवक मोबाइल बंद कर फरार हो गया था. इसके बाद पीड़ित किसानों ने दुर्गेश के खिलाफ अजुर्नी थाने में 7 करोड़ रुपए की ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी.

### परिजनों ने लगाए थे मारपीट के आरोप

घटना के बाद जिला अस्पताल पहुंचे परिजनों ने पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की थी. परिजनों ने आरोप लगाया है कि गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने सांकल से जमकर पिटाई की, जिसकी वजह से युवक की मौत हुई है. वहीं मृतक के परिजनों के आरोप पर एसपी ने कहा कि गिरफ्तारी के बाद सारे घटनाक्रम की वीडियो रिकार्डिंग उपलब्ध है. जिसे साक्ष्य के तौर पर प्रस्तुत किया जाएगा.

# पेट्रोल और शराब सस्ती, टोल टैक्स महंगा, ई-ऑफिस सिस्टम लागू, महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी

संवाददाता ● रायपुर

एक अप्रैल से नए वित्त वर्ष की शुरूआत हो चुकी है. आज से छत्तीसगढ़ में कई बड़े बदलाव हुए हैं. पेट्रोल से लेकर टोल टैक्स, शराब, महंगाई भत्ते तक सभी चीजों में नए नियम लागू हो गए हैं. छत्तीसगढ़ में पेट्रोल एक रुपए सस्ता हो गया है, लेकिन प्रदेश के 5 टोल प्लाजा पर टोल टैक्स बढ़ने से सफर अब महंगा होगा. ये बढ़ोतरी 5 रुपए से 15 रुपए तक होगी. प्रदेश में अब ई-ऑफिस सिस्टम लागू हो रहा है. शराब की कीमतों में भी कमी आएगी. आईए आज से क्या-क्या बदलाव होने जा रहा इसे विस्तार से जानते हैं।

राज्य सरकार के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (ऊअ) को 50% से बढ़ाकर 53% कर दिया गया है. इसका फायदा अप्रैल महीने से मिलेगा. यानी मार्च की सैलरी में ये पैसा जुड़कर आएगा. राज्य सरकार अपने बजट का 26 हजार 341 करोड़ पूंजीगत व्यय करेगी. यानी सड़कें, ब्रिज, स्कूल-कॉलेज, अस्पताल बनेंगे, ये खर्च आम लोगों की सुविधा पर होगा. ये काम आज से ही शुरू होगा।

# किसकी मिलीभगत से फल-फूल रहा था अवैध कारोबार रेड में मिला नकली होलोग्राम और ब्रांडेड शराब का स्टीकर

संवाददाता ● डोंगरगढ़

डोंगरगढ़ के करवारी से लतमर्रा गांव जाने वाली सड़क पर सुनसान इलाके में एक फार्म हाउस से जब पुलिस ने 27.32 लाख रुपये की अवैध शराब जब्त की, उस वक्त यह महज एक शराब तस्करी का मामला नहीं लगा. यहां बरामद सामान देख पुलिस भी चौंक गई. मध्यप्रदेश से लाई गई शराब, हजारों की संख्या में खाली बोतलें, नकली होलोग्राम, सीलिंग रोल और ब्रांडेड शराब के स्टीकर, सब यह बताने के लिए काफी था कि यह सिर्फ एक गोदाम नहीं, बल्कि नकली शराब की फैक्ट्री थी. फरार आरोपी रोहित उर्फ सोनू नेताम का यह फार्म हाउस तस्करी और जालसाजी का पूरा गढ़ था.शराब को नए लेबल और सीलिंग के साथ छत्तीसगढ़ ब्रांड बनाकर बेचा जाता था. खास बात यह कि इस पूरे खेल में आरोपी ने हाई-टेक सिक्योरिटी सिस्टम लगा रखा था. फार्म हाउस के चारों ओर सीसीटीवी कैमरे और वाई-फाई कनेक्शन था, ताकि किसी भी संदिग्ध



गतिविधि की भनक लगते ही आरोपी फरार हो सके. लेकिन पुलिस की अचानक रेड ने उसके पूरे नेटवर्क की पोल खोल दी.अवैध शराब फैक्ट्री के खेल में सबसे बड़ा सवाल यह है कि इतनी बड़ी मात्रा में शराब मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ तक कैसे पहुंची और किसी को खबर तक नहीं लगी? क्या यह महज एक छिपा हुआ धंधा था, या फिर इसके पीछे कोई बड़ा नेटवर्क काम कर रहा था? शराब के साथ मिली हजारों खाली बोतलें, नकली होलोग्राम और सीलिंग रोल साफ इशारा कर रहे हैं कि यहां सिर्फ तस्करी नहीं हो रही थी, बल्कि नकली शराब बनाने का धंधा भी चल रहा था. सवाल यह भी उठता है कि नकली होलोग्राम और सील आखिर पहुंचे कैसे? छत्तीसगढ़ में शराब की बिक्री पूरी तरह सरकारी नियंत्रण में होती है. इसके बावजूद, यहां नकली सील और ब्रांडेड स्टीकर खुलेआम उपलब्ध थे. पुलिस की कार्रवाई के बाद भी कई सवाल अधूरे हैं. जब फार्म हाउस में हाई-टेक सीसीटीवी लगे थे, तो पुलिस ने डीवीआर से फुटेज निकालकर बाकी आरोपियों की पहचान क्यों नहीं की? क्या सच में पुलिस पूरे नेटवर्क को खत्म करना चाहती है या फिर सिर्फ दिखावे की कार्रवाई की जा रही है। पूरे मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने बताया की मुखबिर सूचना पर पुलिस ने ये बड़ी कार्रवाई की है, करवारी स्थित रोहित नेताम के फार्म हाउस से 432 पेटी मध्यप्रदेश की शराब और छत्तीसगढ़ आबकारी का होलोग्राम मिला, फरार आरोपी रोहित नेताम आदतन अपराधी है. पहले भी उसके खिलाफ कई मामले दर्ज है, जल्दी ही उसकी गिरफ़्तारी कर ली जाएगी।



हुलहुमाले, मालदीव। आतिशबाजी का प्रदर्शन देखने के लिए दर्शक एकत्रित हुए।

## शॉट न्यूज

### प्रदूषण पर विधानसभा में पेश होगी कैग रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में आज मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट पेश करेंगी। यह रिपोर्ट दोपहर दो बजे के बाद विधानसभा के पटल पर रखी जाएगी, जिसमें वाहनों से होने वाले प्रदूषण का विस्तृत लेखा-जोखा शामिल होगा। इधर राष्ट्रीय राजधानी में बढ़ते वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने सख्त कदम उठाने का फैसला किया है। आज से दिल्ली में 15 साल से पुरानी पेट्रोल और डीजल गाड़ियों को ईंधन नहीं मिलेगा। इस फैसले को लागू करने के लिए सभी पेट्रोल पंपों को पत्र लिखकर सूचित कर दिया गया है। दिल्ली में वायु प्रदूषण का स्तर लगातार खतरनाक बना हुआ है और इसके लिए वाहनों को प्रमुख जिम्मेदार माना जा रहा है। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) के एक अध्ययन के अनुसार, दिल्ली में वायु प्रदूषण के लिए सबसे बड़ा कारण वाहन हैं।

### रात में पति से की बात सुबह लगाई फांसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता में एक नवविवाहित महिला का शव फंदे से लटका हुआ मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते होते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। आशंका जताई जा रही है कि महिला ने पति से वीडियो कॉल में बात करने के बाद फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। फिलहाल यह हत्या है या फिर आत्महत्या पुलिस दोनों पहलुओं पर जांच कर रही है। कोलकाता के परनाश्री थाना क्षेत्र के पाठकपारा रोड के करीब घर से एक महिला का शव फंदे से लटका हुआ मिला है। मृतका की पहचान पूजा सिंह के तौर पर हुई है। जानकारी के मुताबिक डेढ़ महीने पहले ही पूजा की शादी हुई थी। घटना की जानकारी होते ही इलाके में हड़कंप मच गया। इसके बाद तुरंत पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस FSL की टीम के साथ मौके पर पहुंच गई।

### क्या अमेरिका से 'पंगा' लेने के मूड में आ गया क्रेमलिन

# रूस पर भड़के ट्रंप तो पुतिन सरकार ने अब दे दिया जवाब

**एजेंसी ● वॉशिंगटन**

**जवाब**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक इंटरव्यू में कहा है कि वे रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से काफी 'नाराज' हैं। ट्रंप ने यह भी कहा था कि अगर पुतिन रूस-यूक्रेन युद्धविराम पर सहमती नहीं जताते हैं, तो अमेरिका उनसे तेल खरीदने वाले सभी देशों पर 50 प्रतिशत का अतिरिक्त ट्रैरिफ भी लगा सकता है। ट्रंप की यह तीखी नाराजगी रूस के लिए एक बड़ा संदेश थी, जिससे दुनिया भर में हलचल मच गई थी। अब ट्रंप के इस बयान के बाद रूस ने पहली बार प्रतिक्रिया दी है। रूस के राष्ट्रपति पुतिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि रूस, अमेरिका के साथ अपने रिश्तों को बेहतर बनाने और भविष्य में सहयोग के लिए काम करना जारी रखेगा। पेसकोव ने कहा, 'हम अमेरिकी पक्ष के साथ काम करना जारी रखेंगे, सबसे पहले, अपने संबंधों को बेहतर बनाने के लिए काम करेंगे।'रूस ने यह भी स्पष्ट किया कि अमेरिका और रूस दोनों ही यूक्रेन के मुद्दे पर विचार-विमर्श कर रहे हैं और शांति समझौते की दिशा में काम कर रहे हैं। रूस के मुताबिक, यह दोनों देशों के बीच सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है।



**हालांकि, रूस ने अपनी बयानबाजी के साथ-साथ**

युद्ध में भी कोई कमी नहीं छोड़ी है। खारकीव में रुस ने लगातार दूसरे दिन हमले किए और यूक्रेन ने रुस पर ड्रोन हमलों के जरिए जवाब दिया। युद्ध के इस माहौल में दोनों देशों के बीच शांति प्रयासों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। इस बीच, स्वीडन ने भी यूक्रेन को 1।2 बिलियन पाउंड का सैन्य सहायता पैकेज देने की घोषणा की है, जो अब तक का सबसे बड़ा पैकेज है। स्वीडिश रक्षा मंत्री ने कहा कि यह कदम यूक्रेन के प्रति स्वीडन के समर्थन को और मजबूत करेगा। यह साफ है कि यूक्रेन युद्ध में अमेरिका और रुस की भूमिका महत्वपूर्ण होगी और दोनों देशों के बीच सहयोग की उम्मीदों के साथ संघर्ष के समाधान की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं।

# बाल काटे-सिर मुंडवाया...

### केरल में क्यों ऐसा प्रदर्शन करने को मजबूर आशा वर्कर्स

**एजेंसी ● तिरुअनंतपुरम**

केरल में आशा कार्यकर्ताओं का विरोध पिछले 50 दिनों से जारी है। आशा कार्यकर्ता, सरकार पर उनकी मांगों की अनदेखी का आरोप लगा रहे हैं। यही कारण है कि सोमवार को सरकार का ध्यान अपनी तरफ खींचने के लिए उन्होंने विरोध का अनोखा अंदाज चुना, कार्यकर्ताओं में शामिल कुछ महिलाओं ने अपने सिर मुंडवाकर लिए तो कई महिलाओं ने अपने बाल काट दिए। आशा कार्यकर्ताओं का ये विरोध केरल सचिवालय के बाहर जारी है। प्रदर्शन कर रहीं महिलाएं वेतन में



वृद्धि करने के लिए प्रदर्शन कर रही हैं। अलप्पुझा और अंगमाली में प्रदर्शन कर रहीं कार्यकर्ताओं ने भी बाल कटवाकर विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों ने बाद में कटे हुए बालों को हाथों में लेकर व्यस्त एमजी रोड पर मार्च निकाला। प्रदर्शनकारी पिछले एक सप्ताह से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल भी कर रहे हैं। विरोध प्रदर्शन के बीच केरल की वामपंथी सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि मानदेय में इतनी अधिक वृद्धि व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है और कहा कि आशा कार्यकर्ताओं की मांगों पर ध्यान देना केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है।

# तीन महीने में ट्रैफिक चालान नहीं भरा तो लाइसेंस हो जाएगा कैंसिल!

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

1 अप्रैल यानी आज से नए वित्त वर्ष की शुरुआत हो रही है। अगर आपने अपने बकाया ट्रैफिक चालान अभी तक नहीं भरे हैं तो सावधान होने की जरूरत है, क्योंकि आपका ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किया जा सकता है। दरअसल, जो लोग तीन महीने के भीतर अपने ट्रैफिक ई-चालान (जुर्माना) की राशि का भुगतान नहीं करते हैं, उनके ड्राइविंग लाइसेंस जल्द ही निलंबित किए जा सकते हैं। पाया गया है कि ई-चालान राशि की बमुश्किल 40% वसूली हुई है। इसका बड़े पैमाने पर गैर-अनुपालन हुआ है। सूत्रों ने कहा कि सरकार ने हाई इंश्योरेंस प्रीमियम को जोड़ने की रणनीति भी तैयार की है। अगर किसी के पास पिछले वित्तीय वर्ष से कम से कम दो लंबित चालान हैं तो उसके इंश्योरेंस का अधिक प्रीमियम देना पड़ सकता है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद यह डिटेल तैयार की गई है।

### उग्र प्रदर्शनकारियों ने पलभर में किया सब साफ

# काठमांडू की भाट-भटेनी सुपरमार्केट में 1 करोड़ की लूट

**एजेंसी ● काठमांडू**

**लूट**

नेपाल की सबसे बड़ी सुपरमार्केट चेन भाट-भटेनी के कोटेश्वर स्थित शोरूम में शुक्रवार यानी 28 मार्च को घटी एक भयावह घटना ने राजधानी के व्यापार जगत को झकझोर दिया है। दरअसल प्रदर्शनकारियों के उग्र समूह ने न सिर्फ भारी तोड़फोड़ की, बल्कि करोड़ों रुपये की लूट भी मचाई। यह घटना प्रशासन की विफलता और असुरक्षा की पोल खोलने के साथ-साथ व्यापारियों के बीच गंभीर चिंता का कारण बन गई है। सूत्रों के अनुसार, लगभग एक करोड़ रुपये का सामान लूट लिया



गया। हमलावरों ने मुख्य रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स, महंगे ब्रांडेड उत्पाद और अन्य कीमती सामानों को निशाना बनाया। इस घटना में सुपरमार्केट को 80 लाख रुपये का नुकसान हुआ है, जिसमें कांच के पैनल और शोकेस की तोड़फोड़ भी शामिल है। सुपरमार्केट के COO पानू पौडेल ने कहते हैं कि लूटपाट के दौरान सुपरमार्केट के काउंटर से करीब 94,000 रुपये नकद भी चोरी कर लिए गए। यह घटना केवल एक तोड़फोड़ नहीं थी, बल्कि एक सुनियोजित लूट का हिस्सा थी। इस प्रकार की हिंसा ने व्यापारियों और स्थानीय निवासियों के बीच डर पैदा कर दिया है।साथ ही, यह घटना प्रशासन के सुरक्षा प्रबंधों की कमी को उजागर करती है।

**विरोध प्रदर्शन में बदल गई हिंसा**

यह घटना एक विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई, जिसका नेतृत्व राजशाही समर्थक समूहों ने किया था. प्रदर्शनकारियों ने पहले तो बाजार में आवाज उठाई और बाद में इस आंदोलन को हिंसा में बदल दिया. यह घटना दर्शाती है कि विरोध के नाम पर अगर अराजकता और हिंसा को बढ़ावा दिया जाएगा, तो इससे न केवल व्यापार बल्कि समाज की सुरक्षा पर भी गहरा असर पड़ेगा. नेपाल सरकार और प्रशासन पर इस घटना के बाद दबाव बढ़ गया है. व्यापारियों ने प्रशासन से सख्त सुरक्षा इंतजामों की मांग की है ताकि इस तरह के हमले भविष्य में न हो।

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक -** दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।
**संपादक-** दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)